


दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल





ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 159 | ग्वालियर मंगलवार, 28 मार्च 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### सलमान खान को धमकी देने वाला जमानत पर बाहर आया था, आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज है केस



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को दूसरी बार (23 मार्च) दिए गए धमकी के मामले में गिरफ्तार आरोपी धाकड़ राम बिश्नोई पर राजस्थान में आर्म्स एक्ट के तहत 6 महीने पहले एक मामला दर्ज है. धाकड़ राम, जमानत पर बाहर आया था. सिद्धू मूसेवाला के परिवार को भी धाकड़ राम विश्नोई ने धमकी दी थी जिसके बाद पंजाब में भी उस पर एक मामला दर्ज है. मुंबई पुलिस की जांच के बाद पंजाब पुलिस भी धाकड़ राम बिश्नोई की कस्टडी लेगी. हालांकि, अब तक की जांच में धाकड़ राम बिश्नोई का लॉरेंस बिश्नोई गैंग से कोई कनेक्शन सामने नहीं आया है. थोड़ी ही देर में धाकड़ राम बिश्नोई को मुंबई के बांद्रा कोर्ट में पुलिस पेश करेगी. दरअसल, धमकी भरा ईमेल भेजने के आरोप में राजस्थान के जोधपुर से 21 साल के धाकड़ राम विश्नोई को हिरासत में लिया है. आरोपियों ने पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के पिता को भी धमकी दी थी. पुलिस अधिकारियों ने कहा, मुंबई पुलिस ने टेक्निकल असिस्टेंट्स के माध्यम से धाकड़ को ट्रैक किया. उन्होंने इंटरनेट प्रोटोकॉल एड्रेस से उसका ठिकाना ढूंढ निकाला, जो जोधपुर जिले के लूनी गांव में था. फिल्म एक्टर सलमान खान को जान से मारने की धमकी देने वाले ईमेल भेजने के आरोप में बांद्रा सर्किल मुंबई सिटी पुलिस स्टेशन द्वारा आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया. पुलिस अधिकारियों ने कहा कि धाकड़ ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के सहयोगी गोल्डी बराड़ के नाम से ईमेल भेजा था. गैंगस्टर बिश्नोई ने एक साक्षात्कार में कहा कि उसका मकसद सलमान खान को खत्म करना है, इसके बाद उसने धमकी भरा पत्र मेल किया. उसने कहा कि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत संरक्षित एक लुप्तप्राय प्रजाति काला हिरन को कथित रूप से मारने के लिए खान द्वारा बिश्नोई समुदाय से माफी मांगने के बाद मामला समाप्त हो जाएगा.

### अमेरिका में अमृतपाल का समर्थन करने वाले खालिस्तानी प्रदर्शनकारियों के पासपोर्ट रद्द करने की मांग




**नई दिल्ली।** वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह को पकड़ने के लिए पंजाब पुलिस का एक्शन जारी है. वहीं, लगातार भगोड़े अमृतपाल के समर्थकों पर भी पंजाब की कार्रवाई जारी है. वही अमृतपाल सिंह के खिलाफ भारत में हो रही कार्रवाई के खिलाफ खालिस्तान समर्थकों ने जिन देशों में प्रदर्शन किया था उनके खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है. अमेरिका के वाशिंगटन में भारतीय दूतावास के बाहर हुए विरोध प्रदर्शन के खिलाफ भारत के सर्वोच्च न्यायालय के एक वकील ने दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है. सर्वोच्च न्यायालय के वकील ने दिल्ली पुलिस से शिकायत दर्ज करवाते हुए खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की गुजारिश की है. यही नहीं वकील की तरफ से प्रदर्शनकारी खालिस्तान समर्थकों का पासपोर्ट रद्द करने की मांग भी की गई है. बीते शनिवार को वाशिंगटन में भारतीय दूतावास के बाहर किए जा रहे प्रदर्शन के दौरान एक भारतीय पत्रकार पर भी हमला किया गया था. पत्रकार ललित झा खालिस्तान समर्थकों के विरोध-प्रदर्शन को कवर कर रहे थे. इसके बाद रविवार को पत्रकार ललित झा ने एक ट्वीट कर यूएस सीक्रेट सर्विस को उनकी रक्षा करने और काम में मदद करने के लिए धन्यवाद किया था और खालिस्तानी समर्थकों के वीडियो भी शेयर किए थे. खालिस्तानी समर्थकों ने अमृतपाल के समर्थन में भारतीय दूतावास के बाहर खालिस्तानी झंडे लहराकर प्रदर्शन किया था, वही खुले तौर पर दूतावास में तोड़फोड़ करने की धमकी भी दी थी. वही आपको बता दें कि अमृतपाल के खिलाफ भारत में हो रही कार्रवाई के खिलाफ खालिस्तानी समर्थकों ने लंदन, अमेरिका और कनाडा में भी प्रदर्शन किए थे. खालिस्तानी समर्थक प्रदर्शनकारी लंदन में पार्लियामेंट स्क्वायर के पास इकट्ठे हुए थे. इस दौरान उनके हाथों में खालिस्तान के झंडे और बैनर भी थे.

### अरुणाचल प्रदेश में हुई थी जी20 प्रतिनिधियों की बैठक

**नई दिल्ली।** भारत के सीमावर्ती राज्य अरुणाचल प्रदेश में भारत ने जी20 कार्यक्रमों की श्रंखला के तहत एक अहम बैठक का आयोजन किया था. इस कार्यक्रम में भारत का पडोसी और जी20 का सदस्य चीन शामिल नहीं हुआ. इस बैठक का आयोजन अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में किया गया था. सूत्रों के मुताबिक चीन इस बैठक में रविवार (26 मार्च) को इसलिए शामिल नहीं हुआ क्योंकि वह अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा ठोकता आया है. हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि चीन ने बैठक को लेकर भारत के सामने अपना विरोध दर्ज कराया है या नहीं. क्योंकि इस मुद्दे पर न ही चीन की और न ही भारत के विदेश मंत्रालय ने इस मामले पर कोई टिप्पणी आई है. मीडिया को लेकर उठाए गए सवाल में कहा, सरकार ने अरुणाचल प्रदेश में हुई इस बैठक को गोपनीय घोषित किया था, यही वजह थी कि इस कार्यक्रम में मीडिया कवरेज नहीं मिल सकी.

# अतीक अहमद का काफिला रोका गया, बेखौफ माफिया बोला- काहे का डर...

**नई दिल्ली।** पूर्व सांसद और माफिया अतीक अहमद को साबरमती जेल से रविवार शाम लेकर यूपी पुलिस की टीम रवाना हुई थी. जिसके बाद कुछ जगहों पर उसके काफिले को रोका गया. ऐसा ही सुबह करीब सात बजे से आसपास हुआ. मध्य प्रदेश स्थित शिवपुरी पहुंचने से पहले काफिले को रोका गया था. अतीक अहमद का वॉशरूम जाने की वजह से काफिले को रोका गया. अतीक अहमद का काफिला सोमवार की सुबह करीब सात बजे शिवपुरी से 30 किमी पहले था. लेकिन तब माफिया को वॉशरुम जाने था, इस वजह से काफिला रोका गया. यहां बीच सड़क पर काफिला रोका गया और उसके बाद माफिया गाड़ी से निकला. हालांकि पूरे काफिले के साथ सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई है. हालांकि इस वक्त माफिया का बेखौफ अंदाज देखने को मिला.




जब मीडिया ने सवाल किया कि क्या आपको डर लग रहा है तो अतीक अहमद ने कहा, काहे का डर...

**दूर से ऐसे दिया जवाब**-लेकिन इस जब गाड़ी को रोका गया तो मीडिया को दूर रखा गया. किसी को माफिया के पास नहीं आने दिया गया. लेकिन अतीक अहमद ने दूर से ही मीडिया के तीख सवाल पर बेखौफ पलटवार किया. इससे पहले रविवार को अतीक अहमद का जवाब आया था. अतीक अहमद ने रविवार को आशंका जताई कि उसकी हत्या की जा सकती है. अहमद ने जेल के बाहर संवाददाताओं से कहा, ''हत्या, हत्या.'' जब पत्रकारों ने पूछा कि उन्हें पुलिस वैन में ले जाया जा रहा है, तो उन्हें डर क्यों लग रहा है, अहमद ने कहा, ''मुझे इनका प्रोग्राम (कार्यक्रम) मालूम है... हत्या करना चाहते हैं.'' यूपी पुलिस की एक टीम रविवार शाम को अतीक अहमद को गुजरात के अहमदाबाद स्थित साबरमती केंद्रीय जेल से लेकर प्रयागराज के लिए रवाना हुई. अतीक इस जेल में जून 2019 से बंद है. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि अतीक को एक अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा, जो 28 मार्च को एक अपहरण मामले में आदेश पारित करने वाली है, जिसमें वह आरोपी है. अधिकारियों ने बताया कि यूपी पुलिस की टीम सुबह साबरमती जेल पहुंची थी.

# बॉडी वार्न कैमरे, स्पेशल पुलिस, 24 घंटे निगरानी

*__नई दिल्ली।__ कड़ी सुरक्षा के बीच उत्तर प्रदेश पुलिस की टीम माफिया अतीक अहमद को साबरमती जेल से यूपी लेकर जा रही है. माफिया डॉन को रखने के लिए प्रयागराज की नैनी सेंट्रल जेल की हाई सिक्योरिटी की एक बैरक को खाली कराया गया है. माना जा रहा है कि 30 कैदियों की क्षमता वाली इस बैरक में अतीक अहमद को अकेले रखा जाएगा. इस बैरक के बाहर उन्हीं बंदी रक्षकों को तैनाक किया जाएगा जो बॉडी वार्न कैमरे से लेस होते हैं. संभावना यह भी जताई गई थी कि जेल में रखने के बजाए प्रयागराज की पुलिस लाइन के गंगा गेस्ट हाउस में माफिया अतीक को रखा जा सकता है कि क्योंकि यहां से जिला कोर्ट की दूरी महज एक किलोमीटर है. ताकी जब उसकी कोर्ट में पेशी हो तो उसे आसानी से कोर्ट ले जाया जा सके और किसी तरह की दिक्कतों का सामना न करने पड़े. हालांकि, अभी अधिकारियों की तरफ से इसे लेकर खुलासा नहीं किया गया है.*



*प्रयागराज में नैनी जेल में अतीक को हाई सिक्योरिटी बैरक में आइसोलेशन सेल में रखा जाएगा. माफिया को सीसीटीवी कैमरे से लैस सेल में रखा जायेगा जहां वह 24 घंटे पुलिस की निगरानी में रहेगा. जेल से उसकी सारी फुटेज और लाइव रिकॉर्डिंग लखनऊ हेड क्वार्टर को मिलती रहेंगी जिससे मॉनिटरिंग करने में आसानी होगी. जेल में किसी तरह की कोई चूक न हो इसलिए स्पेशल पुलिस कर्मियों का चयन किया गया है. यूपी पुलिस अतीक को साबरमती जेल से रविवार को शाम करीब 5ः45 बजे लेकर रवाना हुई है. उसे कड़ी सुरक्षा के बीच सड़क मार्ग से प्रयागराज लाया जा रहा है. किसी तरह से उसके काफिले की लाइव ट्रैकिंग न हो सके इसके लिए अतीक के साथ चल रहे 40 कांस्टेबल के फोन बंद किए गए हैं. उमेश पाल मर्डर केस के मुख्य आरोपी अतीक अहमद को 28 मार्च को प्रयागराज की एमपी/एमएलए कोर्ट में पेश किया जाना है.*

### उद्धव ठाकरे की राहुल गांधी को चेतावनी

# सावरकर हमारे आदर्श उनका अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे

**नई दिल्ली।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को कहा कि वह हिंदुत्व विचारक वी.डी. सावरकर को अपना आदर्श मानते हैं. उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से कहा कि वह सावरकर का अपमान करने से बचें. उन्होंने कहा कि महा विकास आघाड़ी तीन दलों - शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का गठबंधन है, जिसे लोकतंत्र की रक्षा के लिए बनाया गया था और इसके लिए एकजुट होकर काम करना जरूरी था. उत्तरी महाराष्ट्र के नासिक जिले के मुस्लिम बहुल शहर मालेगांव में एक रैली को संबोधित करते हुए ठाकरे ने यह भी कहा कि जानबूझ कर राहुल गांधी को उकसाने के प्रयास किए जा रहे हैं. उन्होंने कहा, ''सावरकर हमारे आदर्श हैं और उनका अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. हमें अपने लोकतंत्र की रक्षा के लिए मिलकर लड़ना होगा. सावरकर ने 14 साल तक अंडमान जेल में अकल्पनीय यातनाएं झेलीं. हम केवल पीड़ाओं को पढ़ सकते हैं. यह बलिदान एक प्रतीक है.'' ठाकरे ने कहा, ''मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि हम अपने देश के लोकतंत्र और इसके संविधान को बचाने के लिए एक साथ आए हैं. हालांकि, आपको जानबूझ कर उकसाया जा रहा है. यदि हम इस समय को व्यर्थ जाने देंगे तो लोकतंत्र का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा. 2024 का चुनाव, आखिरी चुनाव होगा.'' गुजरात में सूरत की एक अदालत द्वारा 2019 के मानहानि मामले में दोषी ठहराए जाने के एक दिन बाद शुक्रवार को गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया. दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने शनिवार को कहा था, ''मेरा नाम सावरकर नहीं है, मेरा नाम गांधी है और गांधी किसी से माफी नहीं मांगते हैं.''



ठाकरे ने कहा कि उन्होंने गांधी की ''भारत जोड़ो यात्रा'' का समर्थन किया. उन्होंने कहा, ''राहुल गांधी ने कल अपनी प्रेसवार्ता में अच्छी बात कही. उन्होंने वैध सवाल उठाया कि 20,000 करोड़ रुपये किसके हैं? लेकिन सरकार जवाब नहीं देना चाहती.''शनिवार को अपनी प्रेसवार्ता के दौरान, गांधी ने कहा कि अडाणी की मुखौटा कंपनियों में 20,000 करोड़ रुपये का निवेश किसने किया और प्रधानमंत्री के साथ व्यवसायी के क्या संबंध हैं, यह सवाल बना हुआ है. सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर निशाना साधते हुए ठाकरे ने आरोप लगाया कि जिनका देश के स्वतंत्रता आंदोलन से कोई संबंध नहीं है, वे लोकतंत्र को खत्म करने का प्रयास कर रहे हैं.

### अपराधियों में खौफ, सभी को हुआ योगी फोबिया

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने लगातार कांग्रेस को घेरने के बाद अब उद्धव ठाकरे के खिलाफ बयान जारी किया है. उनका कहना है कि उद्धव ठाकरे सावरकर को लेकर कांग्रेस के खिलाफ बोलते तो हैं लेकिन कांग्रेस से गठबंधन भी करते हैं देश देख रहा है. साथ ही उन्होंने अतीक अहमद को लेकर कहा कि अपराधियों में योगी का खौफ है. सभी को योगी फोबिया हो गया है. दरअसल, महाराष्ट्र में महा विकास आघाड़ी के शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने राहुल गांधी को चेतावनी दे दी है. उद्धव ठाकरे ने साफ तौर पर कहा है कि वह हिंदुत्व विचारक वीडी सावरकर को अपना आदर्श मानते हैं और उनका अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे.

### सुप्रीम कोर्ट से यूपी सरकार को झटका



**नई दिल्ली।** हाथरेस रेप केस में पीड़िता के परिवार को दूसरे शहर में बसाने और परिवार के सदस्य को नौकरी देने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ यूपी सरकार की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया. सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा, आपको ऐसी याचिका नहीं दाखिल करनी चाहिए. यूपी सरकार ने अपनी याचिका में कहा था कि परिवार की मांग सिर्फ दिल्ली और गाजियाबाद जैसे शहर में बसने की है और वह मृतका के बड़े भाई को उसका आश्रित बताकर नौकरी की मांग कर रहे हैं. इस याचिका की सुनवाई चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच कर रही थी. उन्होंने इस मामले को सुनने के बाद कहा, यूपी सरकार को इस तरह की याचिका दाखिल नहीं करनी चाहिए. 14 सितंबर, 2020 को चंदपा थाना क्षेत्र के बूलगढ़ी गांव में कथित तौर पर एक 19 वर्षीय दलित लड़की की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी. परिजनों ने आरोप लगाया कि पीड़िता की हत्या तब की गई जब वह मवेशियों के लिए चारा लेने निकली थी. हमले के बाद वह आंशिक रूप से लकवाग्रस्त हो गई थी और उसे पास के अलीगढ़ शहर के एक अस्पताल में ले जाया गया, जहां उसने अपना बयान भी दर्ज कराया और बाद में उसने दिल्ली के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया.

# प्रियंका गांधी ने मिलाया अखिलेश यादव के सुर में सुर

**नई दिल्ली।** यूपी के अमेठी में आरिफ और सारस की दोस्ती को लेकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने यूपी सरकार पर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि प्रेम, संवेदना के प्रति ये अन्याय कतई सही नहीं है. प्रियंका गांधी ने कहा, रक्षकों का सम्मान करना, हमारे देश की परंपरा है. प्रेम की मिसाल कायम करने वालों को इस देश में सराहा जाता है लेकिन, यूपी सरकार को क्या सूझा जो सारस की जान बचाने वाले, उसको दोस्त की तरह रखने वाले रक्षक को नोटिस भेजा जा रहा है. कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रेम, संवेदना के प्रति ये अन्याय कतई सही नहीं है, इससे पहले उन्होंने इसे जय-वीरू की दोस्ती भी करार दिया था. दरअसल अमेठी के आरिफ को करीब एक साल पहले एक घायल सारस मिला था. उन्होंने उसका इलाज किया और फिर अपने परिवार के सदस्य की तरह पाला. नतीजन, सारस को भी आरिफ से दोस्ती हो गई और वह वहीं रहने लगा. जानकारी हासिल होने पर एक दिन समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव भी दोनों से मिलने पहुंच गए और उनकी दोस्ती देखकर अखिलेश यादव ने इसे सोशल मीडिया पर शेयर भी किया था.



पिछले दिनों यूपी वन विभाग की टीम ने अचानक आरिफ और सारस को अलग कर दिया और वन विभाग सारस को पकड़कर अपने साथ ले गया. वन विभाग ने सारस को समसपुर पक्षी विहार में छोड़ दिया है. इसके बाद सारस पक्षी विहार से 6 किमी दूर बिसैया गांव पहुंच गया. वहां कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया लेकिन गांववालों ने उसे बचा लिया. सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम फिर से उसे पकड़कर ले गई और सारस की निगरानी और बढ़ा दी है.

# तंजानिया पर कहर बरपा रहा मारबर्ग वायरस, क्या भारत के लिए भी है डेडली

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस अभी तक भारत से पूरी तरह से नहीं गया है, हर दिन नए केस सामने आ रहे हैं...इसके बीच एक नया वारस अफ्रिकी देश तंजानिया पर अपना कहर बरपा रहा है. इस वायरस का नाम है मारबर्ग, मारबर्ग वायरस एक गंभीर प्रकार का रक्तस्त्रावी बुखार है, जो मारबर्ग वायरस के कारण इंसानों को होता है. यह आरएनए वायरस फाइलोवायरस परिवार का सदस्य है. इबोला वायरस भी इसी परिवार का सदस्य था. ये वायरस कोई नया वायरस नहीं है, पहली बार इस वायरस को 1967 में जर्मनी में पाया गया था. इस वायरस का नाम भी मारबर्ग इसीलिए पड़ा क्योंकि इस वायरस का पहला प्रकोप जर्मनी के मारबर्ग और फ्रैंकफर्ट और सर्बिया के बेलग्रेड में हुआ था.

अफ्रिकी देश तंजानिया में इस वायरस को लेकर आउटब्रेक घोषित कर दिया गया है. वहां की सरकार ने इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम का गठन कर दिया है. वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि अब तक कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग के जरिए 161 लोगों को पता लगाया जा चुका है जो इस वायरस के शिकार हैं. इस वायरस की वजह से अब तक कई लोगों की मौत भी हो चुकी है. डब्लूएचओ




की मानें तो जब 1967 में इसका प्रकोप था तो उस वक्त इससे मृत्यु दर 24 से 88 फीसदी तक था. अगर आप इस वायरस के शिकार हो जाएं तो इसे पहचानने का सबसे आसान तरीका है अपने लक्षणओं पर ध्यान देना. अगर आप इस वायरस के शिकार हो गए हैं तो आपको तेज बुखार, सिरदर्द, घबराहट के साथ-साथ मांसपेशियों में दर्द, पेट में दर्द, ऐंठन, मतली और उल्टी जैसा महसूस होगा. कुछ लोगों में दस्त के भी लक्षण दिखाई देते हैं. अगर आप इस वायरस के शिकार हो गए हैं तो आपकी आंखें धंसी-धंसी सी नजर आने लगती हैं. डब्लूएचओ के अनुसार अगर संक्रमण गंभीर है और मरीज को समय पर इलाज नहीं मिला तो उसकी 9 से 10 दिन में मौत भी हो सकती है. अभी तक इस वायरस से बचाव के लिए कोई वैक्सीन नहीं बनी है. विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि इससे बचाव के लिए संक्रमित मरीज को बार-बार पानी पिलाते रहना चाहिए, इसके साथ ही ऑक्सीजन के स्तर को भी बनाए रखना होगा और लक्षणों के हिसाब से उनका इलाज कराते रहना चाहिए, ऐसा करने से मरीज में सुधार की गुंजाइश बनी रहती है. डब्लूएचओ का कहना है कि इबोला वायरस से बचाव में जिस मोनोक्लोनल एंटीबॉडी या एंटीवायरल का प्रयोग किया गया था, उसी का प्रयोग इस वायरस के लिए भी किया जा सकता है. मारबर्ग वायरस अभी तक भारत तो नहीं पहुंचा है, लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि ये भारत पहुंच नहीं सकता. कोरोना भी चीन में फैलना शुरू हुआ तो लोगों को लगा कि ये भारत में नहीं आ सकता, लेकिन उसने भारत समेत पूरी दुनिया में कितनी तबाही मचाई ये हम सबने देखा. इसलिए अगर कोई इंसान अफ्रिकी देश की यात्रा करके आ रहा है तो उसे कुछ दिनों तक अपने लक्षणों पर ध्यान देना चाहिए. आम लोगों को भी चाहिए कि वो अपने लक्षणों पर ध्यान दें और अगर ऊपर बताया गया कोई भी लक्षण उनमें दिखाई दे तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें.

## एक नजर...

### नगर पालिका का 318 करोड़ से अधिक का बजट पास, बहेगी विकास की गंगा

**शहर के सर्वांगीण विकास का बजट बनाया गया है-नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर**



सीहोर। शहर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का बजट बनाया गया है। इसमें नागरिकों की हर सुविधा का ध्यान रखा गया है। करीब 318 करोड़ से अधिक के बजट में सबसे ज्यादा 69 करोड़ अमृत योजना मिशन 2.0 के तहत खर्च होंगे। उक्त विचार शहर के नगर पालिका के सभाकक्ष में प्रस्तावित बजट वित्तीय वर्ष 2023-24 का सर्व सम्मिति से बजे पेश करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहे। उन्होंने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वर्ष बजट में 75 करोड रुपए की वृद्धि की है, प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आशीर्वाद से शहर को महानगर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। बजट बैठक के दौरान सभापति अजय पाल राजपूत, नगर पालिका सीएमओ योगेन्द्र पटेल, उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, कार्य पालन यंत्री रमेश वर्मा, कार्यालय अधीक्षक चंद्रप्रकाश राठौर, समस्त पार्षद के अलावा पत्रकारगण और क्षेत्रवासी शामिल थे। जिन्होंने शहर के अरबों रुपए के इस बजट को सर्व सम्मिति से हर्ष व्यक्त करते हुए पूरे हर्ष के साथ अपना समर्थन किया। उन्होंने बताया कि इसमें पानी की लाइन के साथ सीवर लाइन बिछाने के अलावा पार्कों का सौंदर्यीकरण, घाटों का नवनिर्माण, डामरीकरण कार्य, आडोटोरियम हाल, नवीन बस स्टैंड निर्माण पर करीब 25 करोड़, जिम/स्विमिंग पूल निर्माण, शहर में स्टेडियम निर्माण, ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन ट्रंचिंग ग्राउंड, नवीन कार्यालय भवन ग्रीन ब्लिडिंग, सोलर प्लांट, शहीद स्मारक सौंदर्यीकरण, मुख्यमंत्री घोषण से विकास कार्य, ट्रंचिंग ग्राउंड में लीगेसी वेस्ट का बायोरेमेडियेशन और नवीन दुकान/काम्प्लेक्स निर्माण आदि किया जाना है। नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि शहर को महानगर की तर्ज पर विकसित करने के लिए पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस वर्ष बजट में 75 करोड़ रुपए की वृद्धि की गई है, जिसके अंतर्गत विशेषकर उक्त नवीन प्रस्तावित कार्य है तथ मुख्य रूप से शहर में नवीन सड़क, नाली, जल प्रदाय, सौंदर्यीकरण और स्वच्छता आदि पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस बजट को तैयार करने के लिए बीते दिनों शहरवासियों के अलावा जनप्रतिनिधियों और परिषद के साथियों से सलाह भी ली गई। इसी सलाह के आधार पर नगर पालिका का बजट पेश किया गया। बजट में निर्माण, सफाई, पथ-प्रकाश और पेयजल की व्यवस्था में विस्तार के लिये बल दिया गया है।

**प्रस्तावित बजट वित्तीय वर्ष 2023-24**

**बजट का विवरण निम्नानुसार है।**

1. **कुल आय**-3,18,06,15,000/-, 2 **कुल व्यय**-3.18,06,14,000/-

**नवीन प्रस्तावित कार्य**-1.मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना चतुर्थ चरण अंतर्गत सड़कों का डामरीकरण कार्य- 5,00,00,000/-(पांच करोड़ रूपये)। 2.आडोटोरियम हॉल- 5,00,00,000/-(पांच करोड रूपये)। 3. नवीन बस स्टैण्ड निर्माण 25,00,00,000/-(पच्चीस करोड रूपये)। 4. जिम / स्विमिंग पूल निर्माण- 5,00,00,000/-(पांच करोड रूपये)। 5.शहर में स्टेडियम निर्माण 5,00,00,000/, 6. अमृत योजना मिशन 2.0-(अ) जल प्रदाय योजना-30,00,00,000/-(तीस करोड रू), (ब) सीवरेज योजना-35,00,00,000/-(पैंतीस करोड रू), (स) सीवन नदी सौंदर्यीकरण-4,00,00,000/-(चार करोड रू)

7. ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन ट्रेचिंग ग्राउण्ड-10,00,00,000/-(दस करोड रू) 8. नवीन कार्यालय भवन ग्रीन ब्लिडिंग-2,50,00,000/-(ढाई करोड रू) 9. सोलर प्लांट- 20,00,000/-(बीस लाख रू) 10. शहीद स्मारक सौंदर्यीकरण- 5,00,00,000/-(पांच करोड़ रू), 11. मुख्यमंत्री घोषणा से विकास कार्य-36,00,00,000/-(छत्तीस करोड रू), 12. ट्रंचिंग ग्राउण्ड में लीगेसी वेस्ट का बॉयोरेमेडियेशन-10,00,00,000/-(दस करोड रू), 13. नवीन दुकान-काम्प्लेक्स निर्माण- 10,00,00,000/-(दस करोड रू) रखा गया है।

### लाडली बहना योजना में लापरवाही न हो- कलेक्टर

**अंतर्विभागीय समन्वय बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश**

रामस्वरूप रजक, पुष्पांजलि टुडे



शिवपुरी। कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी ने इस सोमवार को आयोजित टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निराकरण करें। विशेषकर स्वास्थ्य, राजस्व, खाद्य आदि विभागों की अधिक शिकायत हैं उनका निराकरण करें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को नल जल योजना में खराब पड़े हैंडपंप को सही कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर रविन्द्र कुमार चौधरी ने लाडली बहना योजना की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं जिनकी ड्यूटी लगाई गई है वह अपने क्षेत्र में मॉनिटरिंग करें और भ्रमण करें। कहीं कोई समस्या है उससे अवगत कराएं। लाडली बहना योजना के काम में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। उनका प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। जिनकी ड्यूटी लगाई गई है वह उपस्थित रहें। अभी आधार अपडेशन के लिए पोस्ट ऑफिस में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ हो रही है आधार अपडेशन के अन्य केंद्र भी हैं उसकी भी जानकारी प्रसारित करें, जिससे लोग सुविधा से आधार अपडेशन करा सकें। इसके अलावा बोर्ड परीक्षाओं के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षाओं में पेपर लीक की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही करें। कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी सभी एसडीएम को भी निर्देश दिए हैं कि आप उपार्जन प्रक्रिया शुरू होगी जिन लोगों ने पंजीयन कराएं हैं उनका पंजीयन सत्यापन का काम होना है सभी तहसीलदार और एसडीएम द्वारा पंजीयन सत्यापन किया जाए। अभी पेंशन कार्यालय में तीन दिवसीय पेंशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिन विभागों के पेंशन प्रकरण लंबित हैं और अपने कर्मचारियों के प्रकरणों का निराकरण कराएं बिना किसी कारण के प्रकरण लंबित रहे तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही होगी।

### गांवों को मलेरिया मुक्त रखने की दिशा में स्वयं सेवकों को दिया प्रशिक्षण

रामस्वरूप रजक, पुष्पांजलि टुडे



शिवपुरी। जिला स्वास्थ्य समिति व एंबेड परियोजना के तहत मलेरिया डेंगू जीरो रखने की दिशा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खनियाधाना एवं पिछोर ग्रामीण स्वयंसेवकों के साथ एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पवन जैन एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.संजय रिशेश्वर के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में पिछोर खनियाधाना के 65 गांव से करीब 104 स्वयं सेवकों को मिलाकर डॉ रोहित भदकारिया, समाज सेवी सोनू सिंघानी, जिला समन्वयक दीपक जौहरी व कार्यक्रम सहयोगी विवेक झा सहित 108 सहभागियों ने प्रशिक्षण दिया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.रोहित भदकारिया ने ग्रामीण क्षेत्रों में मलेरिया डेंगू रोकथाम के लिए जानकारी देते हुए कहा कि जानकारी, सावधानी, शीघ्र व सम्पूर्ण इलाज ही किसी भी रोग से बचने का उपाय है इसलिए हमें गांव में जाकर तुरंत खून की जांच करा कर पूरा इलाज लेना चाहिए। जिला समन्वयक दीपक जौहरी द्वारा मच्छर के पैदा होने ओर मलेरिया फैलने की प्रक्रिया के बारे में स्वयं सेवकों को विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में पधारे सभी स्वयं सेवकों द्वारा अपने गांव को मलेरिया मुक्त रखने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में एंबेड टीम के सदस्य महेश कुमार, रियाज, सतेंद्र, चंदन सिंह, महेश, हरगोविंद एवं केशव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# यातायात और नगरपालिका की बेपरवाही से शहर के हालात खराब





**पुष्पांजली टुडे**
**ब्यूरो रिपोर्ट सोनू श्रीवास्तव**

गुना। शहर में पैदल चलने वाले लोगों का चलना अब दिन व दिन मुश्किल होता जा रहा है लेकिन इसके बावजूद भी यातायात और नगरपालिका अपनी जिम्मेदारियों को ना समझते हुए जब कभी दुकानदारों और वाहन मालिकों पर कार्यवाही कर अपनी जिम्मेदारियों से पलड़ा झाड़ लेते हैं। मुख्य बाजार में बिना रोकटोक निकलने वाले दुपहिया वाहनों से व्यवस्था और भी बिगड़ रही है। संकरे मार्गों पर दुकानों के आगे खड़े रहने वाले वाहनों से समस्या और भी बढ़ गई है। यातायात पुलिस द्वारा सख्ती नहीं बरतने के चलते आए दिन बाजार में जाम की स्थिति बन जाती है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। शहर के सदर बाजार, सुगन चौराहा, लक्ष्मीगंज, तेलघानी चौराहा, हाट रोड एवं रपटा सहित कई जगह पर यातायात व्यवस्था चरमराई हुई है। यातायात कर्मियों की कमी के चलते शहर में बढ़ रहे यातायात दबाव को सुचारू करना मुश्किल हो रहा है। शहर की यातायात व्यवस्था केवल ट्रैफिक कर्मियों के भरोसे ही है। स्टाफ की कमी के चलते व्यवस्था को सुचारू करना मुश्किल हो रहा है। शहर में सुबह से लेकर शाम तक वाहनों की रेलमपेल लगी रहती है।

**अवैध पार्किंग बनी समस्या**–शहर में नगरपालिका द्वारा पार्किंग स्थल तय नहीं किए जाने से वाहन चालक मनमर्जी के मुताबिक किसी भी जगह वाहनों को पार्क कर देते हैं। जिसके चलते अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। सबसे ज्याद दयनीय स्थिति एबी रोड पर देखने को मिलती है, जहां पैदल चलने वालो से लेकर दो पहिया वाहनों को निकालने में घंटों का समय लग जाता है। इसका मुख्य कारण बैंकों के आगे खड़े वाहन हैं। ट्राफिक पुलिसकर्मी हमेशा की तरह वाहन चालकों के चालान बनाकर चलें जाते हैं। इसके बाद पीछे पलट कर भी नहीं देखते कि इस समस्या को कैसे सुलझाया जाए। पुलिसकर्मी तो अपनी ड्यूटी करने में खुश है, लेकिन लोग जाम की समस्या से बेहाल हैं।

## पथमार्ग बनाया दुकानदारों ने व्यावसायिक स्थल

**दुकान के आगे सडड़ पर कुछ दुकानदारों ने लगा रखे हैं पाइप**–स्थानीय पुष्पांजली टुडे न्यूज के संवाददाता ने जब शहर में जाम की समस्या से जूझ रहे लोगों से बात की तो उन्होंने बताया कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ी हुई है। जिस गली से निकलों वहां जाम ही लगा मिलता है। कुछ लोगों ने तो सडड़ पर ही पाइप गाड़ दिये हैं, जिससे वाहनों को सड़क के बीच ही खड़ा करना पड़ता है। इस तरफ ना तो नगरपालिका अधिकारी ध्यान दे रहै हैं और ना ही यातायात पुलिसकर्मी ध्यान दे रहे हैं फिर इस समस्या का समाधान कौन करेगा।

**प्रशासन की अनदेखी**–प्रशासन की अनदेखी के बीच शहर की ट्रेफिक अव्यवस्था राहगीर व वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि प्रशासन की अनदेखी के बीच एबी रोड स्थित एसबीआई बैंक के अलावा मुख्य बाजार सहित सडक् किनारे जहां अस्थाई अतिक्रमण के साथ दुपहिया वाहनों को आड़े-तिरछे खड़े रहने से मुख्य मार्ग सिकुड़ गया है, जिससे न केवल वाहन गुजरना बल्कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। स्थिति यह है कि आए दिन जाम लगना आम बात हो गई है।

**त्यौहारों में होती है ज्यादा परेशानी**–त्योहारों में सबसे ज्यादा पार्किंग नहीं होने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ता है क्योंकि इस समय दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बाजार में लोग खरीदारी करने के लिए पहुंचते हैं और पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने पर सडड़ पर अपनी गाड़ी को खड़ी कर देते हैं। इसके साथ ही बड़े शापिंग मॉल, कांप्लेक्स, निजी एवं सरकारी बैंक हैं, लेकिन किसी भी शापिंग मॉल एवं कांप्लेक्स में पार्किंग की सुविधा नहीं है। ऐसे में फुटपाथ पर ही वाहनों को पार्क करना मजबूरी बन जाता है। इस कारण जाम की समस्या आम रहती है।

**शहर में बड़ी दो पहिया व चार पहिया वाहनों की संख्या**–शहर में बढ़ी दोपहिया व चार पहिया वाहनों की संख्या पार्किंग की जगह नहीं होने के कारण वाहन सडड़ किनारे खड़े रहते हैं। लगातार शहर में वाहनों की संख्या बढ़ती जा रही है।

## जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा द्वारा वृद्धजनों को कराया गया भोजन

**सामाजिक कार्यों में अग्रसर है जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा की महिलाएं- नपा अध्यक्ष गायत्री शर्मा, अनिल कुशवाह**

**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- समाजसेवा के कार्यों में अग्रसर रहने वाली संस्था जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा द्वारा दान प्रोग्राम के अंतर्गत आज मंगलम शिवपुरी में जाकर निस्वार्थ भाव से वृद्धजनों को भोजन कराया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा उपस्थित रही एवं निशुल्क सर्वाइकल की सेवा देने वाले भरत अग्रवाल भी उपस्थित रहे जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा द्वारा वृद्धि जनों को फल भी वितरित किए गए जिसमें जेसीआई द्वारा 22 वृद्धजनों को भोजन कराया गया, जेसीआई की महिलाओं द्वारा फल, बिस्किट, आदि भी वितरित किए गए । जिसमे अध्यक्ष जेसी प्रियंका शिवहरे, सचिव जेसी आरती जैन ,जेसी निशा गोयल, जेसी नीता श्रीवास्तव, जेसी रानी



गोयल, जेसी सरला बर्मा, जेसी बबिता अग्रवाल, जेसी नीतू शिवहरे, जेसी अंशु अग्रवाल, जेसी माधवी सोनी, जेसी उषा वर्मा, जेसी राधा गोयल एवं सभी सदस्य उपस्थित रहे । अंत में सचिव जेसी आरती जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**अध्यक्ष जेसी प्रियंका शिवहरे ने कहा**–की हम सभी के इस तरह के पुनीत कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। इस आश्रम में स्थित बुजुर्गजन हम सब की माँ है, हम सब के पिता है इनका ध्यान देना व इन्हे अकेलापन महसूस ना हो इसके लिए हमें इन के पास इस तरह कार्यक्रम करते रहना चाहिए **सचिव जेसी आरती जैन द्वार**- यह संदेश भी दिया गया कि वृद्धा आश्रम कुछ लोगों के लिए आशीर्वाद हो सकता है। जबकि अन्य लोगों के लिए एक अभिशाप भी हो सकता है। वृद्धाश्रम लोगों की अंतिम आशा है। इसलिए उन्हें हर सुख सुविधाओं से सुसज्जित होना चाहिए। उसे सुसजित करना हम सभी का कर्तव्य है। जिससे वहाँ रहने वाले लोग एक बेहतरीन जीवन यापन कर सके।

## मुंगावली में अतिक्रमण के नाम पर एक व्यक्ति की मौत हो गई

**दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता जितेंद्र राय**



रविवार को डंफर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। प्रशासन ने विगत 2 माह पहले अभियान चलाया था अतिक्रमण मुक्ति का। जब तक घटना घटित नहीं होती है तब तक शासन-प्रशासन जागरूक नहीं होता। सत्ताधारी पार्टी के नेता मूक दर्शक बने तमाशा देखते रहते हैं। अधिकारी और सत्ताधारी नेताओं को आगे आकर समस्या का हल निकालना चाहिए ताकि भविष्य में कोई घटना घटित नहीं हो।



## सर्किल जेल शिवपुरी का निरीक्षण कर बंदियों को दी कानूनी जानकारी

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

*शिवपुरी। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक गुप्ता के निर्देशन में द्वितीय जिला न्यायाधीश दीपाली शर्मा एवं जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अर्चना सिंह द्वारा गतदिवस सर्किल जेल शिवपुरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक रमेश चंद्र आर्य, जेल उपाधीक्षक दिलीप सिंह एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी डॉ.वीरेन्द्र कुमार चढार उपस्थित रहे। सर्किल जेल के अंतर्गत 13 बैरकों का प्रत्येक बैरक में जाकर निरीक्षण किया गया। बंदियों के स्वास्थ्य व खाने पीने के संबंध में जानकारी ली गई। महिला बंदियों के लिए ज्वेलरी बनाने की ट्रेनिंग के अतिरिक्त पुरुष बंदियों के लिये चलाये जा रहे जैकेट सिलाई प्रशिक्षण की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान बंदियों से उनके प्रकरण में पैरवी हेतु अधिवक्ता होने के संबंध में पूछा गया, जिन बंदियों के प्रकरणों में पैरवी किये जाने हेतु अधिवक्ता नहीं हैं उन बंदियों के आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी को प्रेषित किये जाने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया एवं बंदियों को निशुल्क विधिक सहायता, नेशनल लोक अदालत, प्लीवारेगनिंग प्रक्रिया, बंदियों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी। निरीक्षण के समय कुल बंदी 406 जिनमें से पुरुष बंदी 392, महिला बंदी 14 एवं 1 बच्चा पाये गये। निरीक्षण के समय बंदियों की समस्याएं सुनी एवं उनके निराकरण हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया।*

## आनंद ग्राम रातौर में अल्पविराम परिचय कार्यक्रम

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- राज्य आनंद संस्थान जिला इकाई शिवपुरी द्वारा जिले के प्रत्येक ब्लॉक में आयोजित किए जा रहे अल्पविराम परिचय कार्यक्रमों के अंतर्गत गतदिवस शिवपुरी ब्लाक के आनंद ग्राम रातौर में अल्पविराम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन शिवपुरी में आई इनीशिएटिव ऑफ चेंज पंचगनी की टीम तथा आनंदम टीम शिवपुरी द्वारा सम्मिलित रूप से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत, दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात आनंद विभाग शिवपुरी के नोडल अधिकारी एवं एसडीएम अंकुर रवि गुप्ता के उद्बोधन के साथ हुआ।



इस अवसर पर जिला पंचायत एसीईओ महेंद्र जैन, सीईओ जनपद अरविंद शाह तथा आनंद ग्राम के सरपंच राम कुमार वर्मा भी उपस्थित थे। आनंद विभाग शिवपुरी के डीपीएल अभय जैन ने राज्य आनंद संस्थान का परिचय देते हुए रातौर ग्राम में अल्पविराम आयोजन की आवश्यकता भी बताई। राज्य आनंद संस्थान की मास्टर ट्रेनर प्रोफेसर डॉ अनीता जैन ने अल्पविराम क्या है तथा क्यों आवश्यक है विषय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में कनेक्शन, करेक्शन, डायरेक्शन टूल के हवाले से मास्टर ट्रेनर प्रेम प्रकाश सिरोलिया ने अपने जीवन का अनुभव साझा करते हुए प्रतिभागियों को बताया कि कैसे हम स्वयं से संपर्क करके अपनी कमियों को दूर करते हुए एक नई दिशा प्राप्त कर सकते हैं। इसी विषय को आगे ले जाते हुए मास्टर ट्रेनर सुश्री रिजवाना ने एक प्रयोग के माध्यम से अपने अंदर किए गए सुधार के अनुभव साझा किए। आईआफसी की वॉलिंटियर सुश्री प्रीति तिवारी द्वारा हमारे रिश्ते पर बात की गई। इसमें उन्होंने अपने जीवन में रिश्तो के उतार-चढ़ाव को संवेदनशीलता से व्यक्त करते हुए रिश्तो की अहमियत पर प्रकाश डाला। आईआफसी के वालंटियर प्रमोद रावत तथा रिपाल देसाई द्वारा एक एक्ट किया गया जिसके माध्यम से बताया गया कि हम अपने दैनिक जीवन में पानी, बिजली के उपयोग एवं गंदगी आदि के प्रति कितने लापरवाह रहते हैं। आईआफसी के वॉलिंटियर अदीब रहमान (बांग्लादेश) तथा कपवांग (नागालैंड) ने भी अपने अनुभव सांझा किए। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों में से सावित्री सेन, विद्या, आशा, अनिल रावत, रामनिवास, अंजली, गोलू, मोहर सिंह परिहार, टीकाराम धाक? आदि ने अपने अनुभव शेयर किए। उन्होंने अपने आनंदग्राम के विकास के लिए अल्पविराम कार्यक्रम को अत्यंत प्रभावशाली बताया। साथ ही स्वयं सेवा द्वारा ग्राम की उन्नति के लिए संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के समापन पर जिला पंचायत एसीईओ तथा नोडल आनंदम विभाग महेंद्र जैन द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके पश्चात सभी प्रतिभागियों ने भोजन ग्रहण किया। इस प्रकार अल्पविराम परिचय कार्यक्रम का समापन हुआ।

# अब न अफीम की मनुहार होगी, न शादी में बजेगा डीजे

पुष्पाजंली टुडे

**पाली।** समाज को अफीम व डोडा पोस्त मनुहार मुक्त करने के लिए नशा मुक्ति एवं समाज सुधार अभियान को 16 साल से अधिक समय हो गया हैं, इसमें प्रवासी स्थानों

## अफीम समाज का दुश्मन खोखला कर रहा लोगों को

सहित मारवाड़ में परगना समितिवार बैठकें कर जागरूकता पैदा करने के लिए भरसक प्रयास किये गये, इससे धीरे धीरे समाज में जागरूकता बढी ओर अब लोग स्वेच्छा से अपने अपने गावों व आयोजनों को नशे की मनुहार से मुक्त रखने लग गये।

इसी कड़ी में सोजतरोड़ के समीप स्थित गांव मेलावास में दि. 26.03.2023 को श्री आईमाता मंदिर में समाज सुधार की



मिटिंग कोटवाल नेमाराम पंवार व जमादारी घेवरराम मुलेवा की सयुंक्त अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मिटिंग में नारायणलाल बर्फा, अध्यापक, मेघाराम बर्फा, नेनाराम गेहलोत, ढगलाराम परिहार, डाँवरराम गेहलोत सहित बहुत पंचगंण व जागरूक बंधुगण उपस्थित रहे। मिटिंग में विस्तृत विचार विमर्श कर मेलावास बडेर अन्तर्गत मृत्यु से सम्बंधित आयोजनों में समाज को खोखला करने वाली अफीम व डोडा पोस्त मनुहार पर पूर्ण रुप से रोक लगाई गई। अब मनुहार के रूप में सिर्फ चुर्ण व सुपारी का ही उपयोग होगा। तथा मृत्यु से सम्बंधित बाहरवें की रस्म में बनने वाले भोजन को भी सादगी के साथ सम्पन्न करना होगा। शादी समारोह में डीजे बजाने पर पूर्ण रूप से रोक लगाई गई। शादी में हल्दी रस्म पर भी पूर्ण रोक लगाई गई। अफीम मनुहार सहित अनावश्यक खर्च पर पूरी रोक लगने से गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों को बहुत राहत मिलेगी तथा अब नये नशेड़ी भी नहीं बनेंगे तथा युवा पीड़ी भी अफीम की ओर आकर्षित नहीं होगी। समाज में अब धीरे धीरे नशे के खिलाफ जागरूकता पैदा हो रही है, शीघ्रातिशीघ्र पूरा समाज अफीम व डोडा पोस्त मनुहार मुक्त की ओर अग्रसर होता जा रहा है।




पालनपुर एसटी मंडल के मंडल निदेशक श्री किरीटभाई चौधरी साहिब और डीटीओ श्री विनुभाई चौधरी साहिब का शैलेशभाई नाई (पत्रकार) ने अभिनंदन किया और एसटी मंडल निदेशक कार्यालय में शुभेच्छा मुलाकात की. (पीनल नागर, *पुष्पांजलि टुडे* पाटन/गुजरात)

# दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में बहेगी धार्मिक प्रवाचनों की रसधारा

**श्रीमद देवी भागवत कथा में प्रतिभाग करेंगे उत्तराखंड के सीएम श्री पुष्कर सिंह धामी जी, (डीजेजेएस के प्रतिनिधि स्वामी आदित्यानंद जी ने मुख्यमंत्री जी से की विशेष मुलाकात)**



पुष्पांजली टुडे

गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी द्वारा संस्थापित एवं संचालित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा 9 से 15 अप्रैल 2023 तक श्री गुरु नानक पब्लिक महिला इन्टर कॉलेज मैदान, बन्नू स्कूल के पास, रेस कोर्स, देहरादून में भव्य श्रीमद देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसका वाचन कथा व्यास साध्वी अदिति भारती जी करेंगी। कथा का समय सायं 4 से रात्रि 8 बजे तक का रहेगा। इसी उपलक्ष्य में संस्थान प्रतिनिधि स्वामी आदित्यानंद जी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी से विशेष मुलाकात की तथा उन्हें इस भव्य कथा में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित भी किया। मुख्यमंत्री जी कथा में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस विशेष मुलाकात के दरमियान मुखमंत्री जी ने संस्थान द्वारा आयोजित किए जा रहे सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों की सराहना की और कहा कि समाज में मानव उत्थान हेतु एवं देश की नई युवा पीड़ी को सुसंस्कारित करने के लिए ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए। संस्थान द्वारा देहरादून शहर में कथा की विशाल स्तर पर तैयारियां शुरू की जा चुकी है। संस्थान के अन्य प्रवक्ताओं ने बताया कि इस कथा में शहर के अन्य धार्मिक एवं सामाजिक संगठन बड़ चड़ कर हिस्सा लेंगे। तथा क्षेत्र वासियों में इस कथा को लेकर खुशी व उत्साह की लहर है।

# पावर ट्रक ट्रेक्टर मैं 24*7 केयर वटन लगी होने से कंपनी के किसान लाभांवित होंगे





पहलवान सिंह राजावत
पुष्पांजली टूडे संवाददाता

**मालनपुर।** मालनपुर अन्नदाता को पावर सेक्टर खरीदने पर मात्र 12हजार जमा करें और कंपनी शोरुम द्वारा 24 हजार रुपए की रसीद पाओ एवं किसानों के लिए फाइनेंस सुकरा के साथ समर्पित आजकल मध्य प्रदेश सरकार को अन्न दाता पर मेहरबान है परंतु ट्रैक्टर बेचने बाली कंपनी एजेंसी धारक भी किसानों मेहरबान सिखाई दे रहे गत दिवस भगवती ऑटोमोबाइल कंपनी द्वारा डबरा भीतरबार डीलर एस्कॉर्ट एकोटा लिमिटेड द्वारा किसान एवं किसान एवं मैकेनिक मीट की गई जिसमें 52 स्कोटस मैकेनिक बुलाए गए जिसमें कंपनी की ट्रैक्टरों के बारे में संपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि टेक्टर हो का नया सी आर आई डी आई पोलू सन फ्री इंजन मनाने वाला जिससे पोलूशन से भी राहत आम जनता को होगी कर इस अवसर पर स्कोटा कंपनी के रीजनल मैनेजर बिश्नोई एवं कपिल चोधरी मौजूद रहे जीन मैनेजर गौरव बिश्नोई किसानों को जानकारी मैं बताएं कि इसको कंपनी द्वारा निर्मित पावर ट्रैक्टर मैं 24 होरस केयर वटन लगाई गई है जो कि समूचे भारत में किसी कंपनी ट्रैक्टर में उपलब्ध नहीं है इस डिवाइड कि द्वारा किसान 24*7 मोबाइल पर देख सकता है कि हमारा ट्रैक्टर कहा चल रहा है एवं कंपनी के अधिकारियों के संपर्क में रहता है भगवती ऑटोमोबाइल शोरुम पर यह सारी जानकारी शुद्धि गई के पी अरजरिया भगवती ऑटोमोबाइल्स और उनके संचालक वह मैनेजर मोनिका जैन द्वारा कंपनी रीजनल सर्विस मैनेजर घनश्याम यादव का स्वागत करते हुए के पी जरिया ने अधिकारियों का स्वागत फूल मालाओं से किया एजेंसी संचालक की परिचय बताया है कि शोरुम पर ट्रैक्टर खरीदने पर किसान को गिफ्ट दिया जा रहा है कंपनी के सहयोग से हर किसान कृता ट्रेक्टर का हर समस्या साथ समाधान करने की जिम्मेदारी हमारी शोरुम में काम करने वाले मकैनिक समस्या का समाधान करते हैं शुभ अवसर पर दर्जनों किसान कंपनी के पर अधिकारी एवं अशोक सिंह तोमर दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू मौजूद रहे।

# आज संयुक्त मोर्चा की,सी,डी,एस परियोजना अधिकारी संघ पर्यवेक्षक एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका

मुन्ना खान

**खरगोन।** संघ अपनी मांगों को लेकर खरगोन कलेक्टर पहुंच कर ज्ञापन सौंपा गया सभी कर्मचारियों द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से यह मांग करते हुए कहा गया की प्रदेश के परियोजना अधिकारी पर्यवेक्षकों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं/ सहायिकाओं की लंबित महत्वपूर्ण मांगों को अतिशीघ्र पुरा करे आईसीडीएस परियोजना अधिकारी संघ एवं पर्यवेक्षक संघ द्रारा विगत वर्षों में संचालनालय एवं शासन स्तर पर सौंपे गए विभिन्न ज्ञापनों प्रदेश के परियोजना अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों की वेतन विसंगति एवं पदोन्नति संबंधी मांग विगत 25 वर्षों से शासन स्तर पर लंबित है जिसका विभाग द्रारा निराकरण नहीं किया गया जिससे प्रदेश के परियोजना अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों में बेहद निराशा एवं गंभीर आक्रोश है शासन द्रारा हमारी लंबित मांगों पर विचार कर जल्द निराकरण किया जाये खरगोन जिला अध्यक्ष संयुक्त मोर्चा।



# शासकीय योजनाओं का प्रचार प्रसार कर ग्रामीणों को लाभ दिलाने मे जुटे स्वयंसेवी राजेन्द्र राजपूत

संवाददाता हेमचंद नागेश

**गरियाबंद।** प्रयोग स्वयं सेवी संस्था तिल्दा आश्रम के द्वारा संचालित सामुदायिक संगठनों की क्षमता विकास परियोजना अंतर्गत विकासखंड गरियाबंद के कार्य क्षेत्र गाँवो में जिला समन्वयक राजेन्द्र राजपूत के द्वारा पहुंचकर सामुदायिक संगठनों का बैठक आयोजित करके शासकीय योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हुए चिन्हाँकित पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। ज्ञात हो कि केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा सुदूर वनांचल क्षेत्रों के अंतिम पंक्ति के गांव के लोगों को भी बराबर मात्रा में योजनाओं का लाभ मिले इस दिशा में कृत संकल्पित है।

# एक साल धर्म प्रचार के नाम : दीपाराम काग

पुष्पाजंली टुडे

**पाली।** जिला तहसील रायपुर ग्राम गुड़यिा में एक किसान परिवार में माता श्रीमती तुलची देवी व पिता भगवान राम काग की कोख से जन्मे




दीपा राम काग ने अपने घर से एक साल के लिए त्याग करके श्री आई माताजी की बेल रथ पर समाज के लिये धर्म प्रचार व सेवा के लिए अपना अमूल्य समय निकालकर आज चैत्र सुदी नवरात्रि की पंचमी को बिलाड़ा के लिये प्रस्थान किया।आपकी पड़ाई लिखाई आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर होने के बावजूद अपनी जिंदगी में बहुत उतार चड़ाव देखे परन्तु हौशला कभी कम नही किया। आपके रहते सीरवी संदेश का कार्यलय पाली में बना व सीरवी सन्देश बुक को चरम सीमा तक पहुँचाया ,उसके बाद वासुदेव जी महाराज चंडावल की पुस्तक चेत मंचन्दर के सफल सम्पादक रहे फिर गुड़िया में बाबा रामदेवजी मन्दिर का छतीस कौम के साथ मिलकर भव्य मंदिर बनवाकर सबके सहयोग से प्राण प्रतिष्ठा करवाई, आपने जो काम हाथ मे लिया वो पूरा करके ही दिखाया व आपने एक अध्यापक से शुरूवात की व 31 अगस्त 2022 को पिपलिया कल्ला से प्रिंसिपल पद से सेवानिवृत्त पाई ओर आज समाज व ओर भी सेवा भावी बुजुर्गों के लिये एक मिशाल पेश करते हुऐ अपने समाज व माँ आईजी का धर्म प्रचार के लिये निकल पड़े काग परिवार इस पल को बहुत ही गौरवान्वित महशुश करते है कि हमारे कुल में ऐसे भाई पैदा हुए जिन्होंने अपने माता पिता व कुल का नाम रोशन करने के लिये अपनी जिंदगी को त्याग व तपस्या में बदल दिया दीपाराम ने मां आई जी प्रणाम कर बैल रथ के साथ धर्म प्रचार के लिए निकले । उनको सेवा में साथ देने के लिये उनके छोटे भाई हरजीराम काग अध्यक्ष अखिल भारतीय सीरवी महासभा तेलंगाना बिलाड़ा माँ आईजी मन्दिर व बाद में भाकरवास तक साथ रहे व दिवान साहब का आशीर्वाद प्राप्त किया ।पहला प्रचार ग्राम भाकरवास से शुरू करते हुए दीपाराम जी ने आज एक सिरवी समाज को बहुत बड़ा सन्देश देते हुए समाज को आगे बढ़ाने के लिए निकले।

# माँ दशोदीं के चरणों में 250 मीटर की चुनरी अर्पित की

रीतेश अवस्थी, पुष्पांजलीं टुडे





दमोह। जिले के ग्राम अर्थखेड़ा में मां दशोदीं भुवानी के मंदिर से विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई। 250मीटर लम्बी चुनरी माँ दशोंदीं के चरणों में भक्तों ने अर्पित की। दिनारी पंचायत में आने वाली माँ दशोंदीं के मंदिर से शुरू हुई विशाल चुनरी यात्रा में ग्राम अर्थखेड़ा, दशौंद, पिपरिया, दिनारी, सागोनी, धमारा, और दमोह जिले से हजारों की संख्या में माँ दशोदीं के भक्त चुनरी यात्रा में सम्मिलित हुए। आयोजन को मुख्य रूप देने वाले क्षेत्र के राघवेंद्र सिंह ने सभी भक्तों का आभार माना।

## दो अपराधियों पर 10 हजार की ईनाम घोषित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ने अपराधी राकेश पुत्र पदम सिंह निवासी अरहेरा तहसील किलावली जिला आगरा उ.प्र. थाना देहात एवं थाना ऊमरी के एक अज्ञात को बंदी बनाने या बंदी करवाने या बंदीकरण का विरोध किये जाने पर विधिसंगत आवश्यक शक्तियों का प्रयोग कर जो उसे बंदी करवायेगा या बंदी करवाने के लिए सूचना देगा उसे 5-5 हजार रूपये से पुरूष्कृत किया जाएगा।

# डेयरी पर मिलावटी दूध बनाने का सामान मिलने पर डेयरी संचालक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई

दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देश पर एवं अभिहित अधिकारी भिण्ड के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार डेयरियों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण एवं नमूना कार्यवाही की जा रही है। आज खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मुखबिर की सूचना पर केदार सिंह का पुरा (पण्डा का पुरा) पोस्ट गोना हरिदास पुरा थाना बरोही तहसील मेहगांव स्थित सूखे सिंह भदौरिया पुत्र श्री इंद्रभान एवं मोहम्मद अली पुत्र हुसैन खां के घर पर संचालित डेयरियों का निरीक्षण किया गया। सूखे सिंह भदौरिया की डेयरी से मिश्रित दूध का नमूना लिया गया। मोहम्मद अली के घर का निरीक्षण करने पर घर में मिलावटी दूध बनाने का सामान रिफा. कोकोनट ऑयल ( 3 टीन मात्रा- 29 कि.ग्रा.), रिफा. सोयाबीन ऑयल (1 टीन मात्रा-15 कि.ग्रा.), सफेद पाउडर 7 कि.ग्रा., लिक्विड डिटर्जेंट 4 कि.ग्रा. रखा पाया गया। मोहम्मद अली से दूध, घी व उक्त पदार्थों के नमूने जांच हेतु लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी भिण्ड अवनीश गुप्ता द्वारा संबंधित डेयरी संचालक मोहम्मद अली के विरूद्ध थाना बरोही में प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

# किसान कांग्रेस ने किसानों एवं आम जनसमस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा



दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । जिले में बेमौसम बरसात और ओलों के गिरने से किसानों का भारी नुक्सान हुआ । इस बजह से किसानों के सामने कई प्रकार के संकट पैदा हो गये है । उन्हें इस समय मदद की बहुत आवश्यकता है । मुख्यमंत्री से इनकी मदद हेतु निम्नानुसार माँग है



1. इस बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से खड़ी हुई फसलों के नुकसान को देखते हुये किसानों को तत्काल एवं समुचित मुआवजा दिलाया जावे 7 भिण्ड जिले की कुछ तहसीलों में मेहगांव भिण्ड गोहद रौन व अटेर में इस प्राकृतिक आपदा से भारी से नुक्सान हुआ है । भारी ओला वृष्टि और और तेज हवाओं के वजह से गेंहू और सरसों खड़ी फसलों को भारी नुक्सान हुआ है। फसलें पूरी तरह से खेत में लोट गई है तथा 70 प्रतिशत तक नुक्सान का आकलन लगाया जा रहा है । 2. विद्युत विभाग द्वारा किसानों को विद्युत खपत से अधिक बिल थमाये जा रहे हैं तथा किसानों के द्वारा बिल जमा होने के उपरांत भी विद्युत कनेक्शन काट कर पुलिस केस बनाये जा रहे हैं, इन्हें वापिस लिये जायें । किसान कांग्रेस ने किसानों एवं आमजनों की समस्याओं का निराकरण 10 दिवस के भीतर कराये जाने की मांग करते हुए कहा कि यदि इस दौरान मुआवजा नहीं दिया गया तो कलेक्ट्रेट भिण्ड पर जन आन्दोलन एवं घेराव किया जायेगा । किसान कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदौरिया, डॉ राधेश्याम शर्मा ,बृजेंद्र सिंह कुशवाह कल्लू , जगदीश शर्मा, संदीप मिश्रा, देवेंद्र सिंह राजावत , राहुल भदोरिया, वीरेंद्र यादव, रॉकी तोमर ,शैलेंद्र भदोरिया, राजेश शर्मा, प्रदीप भदोरिया, नाथूराम चुरारिया, गिरीश शर्मा, शिशुपाल सिंह भदौरिया, श्रीमती शांति कुशवाह,शिवशंकर सिंह भदौरिया, संतोष त्रिपाठी, पवन राजोरिया आदि सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।


# पहले वास्तविक सुधारों की दिशा में कदम उठाने चाहिए

यहां हमें बड़े सवालों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है- हमारे संस्थानों की तत्परता तथा मजबूती, हमारी शासन प्रबंध की गुणवत्ता व उन मानसिकताओं पर जिनके साथ ये प्रणालियां आम आदमी तक पहुंचने के लिए काम करती हैं और जो इस प्रणाली से फायदा उठाने वाले लोगों की छुट्टी करने के लिए काम करती हैं। अब समय आ गया है कि सुधारों के किसी भी नए दौर को शुरू करने से पहले हम इन प्रणालियों में से सबसे बड़ी पद्धति को देखें।

इस समय देश सेवानिवृत्त लोगों को तयशुदा लाभ प्रदान करने वाली नई पेंशन योजना बनाम पुरानी योजना के गुणों पर एक अंतहीन बहस में व्यस्त है। विभिन्न मानदंडों के आधार पर नए समूहों के लिए आरक्षण और कोटा के मुद्दे पर भी बहुत खींचतान है। इसके अलावा सरकार को जवानों को कम अवधि के लिए काम पर रखने की योजना पर फिर से काम करने के लिए गंभीर दबाव का सामना करना पड़ा है। इनमें से प्रत्येक में और इसी तरह की कई अन्य स्थितियों में इस बात को लेकर तनाव है कि नकदी की कमी से जूझ रही सरकार को कभी न खत्म होने वाले आधार पर समाधान और वेतन देने के लिए कहा जा रहा है जो उन दिनों की याद दिलाता है जब सरकारों को सहायक के रूप में काम करने के बजाय प्रदाताओं के रूप में देखा जाता था। %राजकोषीय विवेक पर प्रतिस्पर्धी लोकलुभावनवाद हावी है।

आर्थिक सुधारों से यह अपेक्षा थी कि यह स्थिति बदलनी चाहिए लेकिन जिस तरह से हमारे सुधारों की शुरुआत हुई है उसे देखते हुए स्पष्ट रूप से ऐसा नहीं हुआ है। इसलिए अब हम %दूसरी पीढ़ी% के सुधारों के बारे में सुन रहे हैं- अधिक खुलेपन, सेवाओं से सरकार की





अधिक वापसी और उदार ढांचे के तहत निजी कंपनियों पर अधिक निर्भरता होगी। फिर भी, एक आसान सा मूल सवाल जो अभी भी पूछा नहीं गया है कि जब डॉ. मनमोहन सिंह जैसे अनुभवी अर्थशास्त्री की निगरानी में चलाया गया सुधार का पहला दौर पूरी तरह से सफल नहीं हो पाया तो हमें क्यों लगता है कि आर्थिक सुधारों का द्वितीय संस्करण किस तरह सफल होगा?

यहां हमें बड़े सवालों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है- हमारे संस्थानों की तत्परता तथा मजबूती, हमारी शासन प्रबंध की गुणवत्ता व उन मानसिकताओं पर जिनके साथ ये प्रणालियां आम आदमी तक पहुंचने के लिए काम करती हैं और जो इस प्रणाली से फायदा उठाने वाले लोगों की छुट्टी करने के लिए काम करती हैं। अब समय आ गया है कि सुधारों के किसी भी नए दौर को शुरू करने से पहले हम इन प्रणालियों में से सबसे बड़ी पद्धति को देखें और उन्हें सुधार कर फिर से तैयार करें या ठीक करें। आखिरकार किसी भी प्रणाली की जड़ में सुशासन है जो अपने सभी सदस्यों के लाभ के लिए काम करता है। यह बात छोटे समूहों के लिए भी उतनी ही सच है जितना कि यह एक बड़े समाज या एक राष्ट्र-राज्य के लिए है। आज हमारे शासन के लिए तय किये गए मानकों पर कई सवाल हैं जो हमें आज के एक बड़े सवाल की ओर ले जाते हैं- क्या हमने भारत के 75 साल पहले एक स्वतंत्र राष्ट्र बनने और खुद को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में गठित करने के समय किए गए वादों को पूरा किया है?

डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर ने संविधान सभा में ठीक ही कहा था- ... संविधान कितना भी अच्छा क्यों न हो, जिन लोगों को उस पर काम करने के लिए बुलाया जाता है यदि वे बहुत बुरे होते हैं तो उसका बुरा होना निश्चित है। संविधान कितना भी खराब क्यों न हो अगर जिन लोगों को उस पर काम करने के लिए बुलाया जाता है, वे बहुत अच्छे होते हैं तो वह अच्छा साबित हो सकता है।% उसी भाषण में उन्होंने %नायक पूजा और अराजकता का व्याकरण% तथा सामाजिक और आर्थिक जीवन में सर्वव्यापी असमानता की वास्तविकता के मद्देनजर संविधान में लिखी गई समानता के खतरों के खिलाफ चेतावनी दी थी।

इतने वर्ष गुजरने के बाद भी हम इन खतरों से किस तरह निपट रहे हैं? क्या सुशासन के हमारे मानकों को मजबूत किया जा रहा है या वे उस स्तर से पीछे हैं और हमें विफल कर रहे हैं? इस बात की व्यापक और निष्पक्ष समीक्षा करना उपयोगी हो सकता है कि देश को एक करने के लिए हमारे संविधान के घोष वाक्य- न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व प्रदान करने के मामले में स्वतंत्रता के 75 वर्षों के बाद राष्ट्र कहां खड़ा है।

उन समतावादी मूल्यों के प्रभावी ढंग से लागू करने के सबसे महत्वपूर्ण संस्थान न्यायपालिका, नागरिक प्रशासन और देश की कानून और व्यवस्था प्रणालियां हैं। न्यायपालिका को ही ले लीजिए! भारत में अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित पड़े मामलों को देखते हुए यह कहावत सही साबित होती है कि न्याय में देरी न्याय से वंचित रखना है। न्याय प्रदान करना महंगा है और कम आय वाली विशाल आबादी को देखते हुए न्याय की मांग करना और अधिक महंगा हो रहा है। न्यायिक व्यवस्था से संपर्क करना और इस अधिकार को सुरक्षित करना तो दूर की बात है। राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड में लंबित मामलों का डैशबोर्ड है। यह बता रहा है कि देश की अदालतों में 4.27 करोड़ मामले लंबित हैं। मार्च, 2023 तक के आंकड़ों के मुताबिक इनमें से 70 प्रतिशत से अधिक मामले एक वर्ष से अधिक पुराने हैं।

नागरिक प्रशासन की बात करें जो नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण जीवन, आजीविका और अवसरों की सुविधा प्रदान करता है। नागरिक प्रशासन की कार्यप्रणाली से आम आदमी व्यथित है। यह स्पष्ट है कि %अमीरों% को पर्याप्त संसाधन तथा अवसर मिलते हैं जबकि %वंचितों% को समान व्यवहार के लिए भी संघर्ष करना पड़ता है। यह बात जल, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि जैसी सामाजिक संरचना प्रदान करने के साथ-साथ व्यवसाय तथा पेशे को आगे बढ़ाने के मामले के लिए भी लागू होती है। मुंबई जैसे तड़क-भड़क वाले शहरी केंद्रों में भी झुग्गी और गैर-झुग्गी आबादी के बीच सुविधाओं का असंतुलन दिखता हैं। गरीब स्पष्ट रूप से पानी, स्वच्छता, सड़कों आदि में पर्याप्त सेवाओं की कमी जैसे मसलों के साथ और कई अन्य अदृश्य तरीकों से पीड़ित हैं। इसी तरह पुलिस प्रशासन द्वारा आम आदमी के साथ जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया जाने वाला व्यवहार असमान है।

## संपादकीय

# राहुल गांधी को सजा

राहुल गांधी को 2019 के चुनावों के दौरान कर्नाटक में दिए एक बयान पर अब सूरत के सत्र न्यायालय ने दो साल की सजा सुनाई है। राहुल गांधी ने नीरव मोदी और ललित मोदी जैसे भगोड़ों का जिक्र करते हुए कहा था कि सभी चोरों का सरनेम यानी उपनाम मोदी क्यों होता है। इस बयान पर राहुल गांधी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 499 और 500 के तहत केस दर्ज किया गया था। चार साल पुराने इस आपराधिक मानहानि प्रकरण में अब राहुल गांधी को सजा सुनाई गई, हालांकि उन्हें अदालत से जमानत भी मिल गई, साथ ही ऊपरी अदालत में अपील करने के लिए 30 दिनों का समय दिया गया है। इस घटना के बाद देश में राजनीतिक हलचल का तेज होना स्वाभाविक है। क्योंकि एक पक्ष में राहुल गांधी हैं और दूसरे पक्ष में भाजपा।

दरअसल भाजपा के लिए राहुल गांधी एक ऐसी उलझन बन चुके हैं, जिनसे किस तरह पार पाया जाए, यह भाजपा समझ ही नहीं पा रही है। उन पर व्यक्तिगत आक्षेप लगाए गए, छवि खराब करने में मीडिया का सहारा लिया गया, उनके परिवार पर, परिजनों पर अशोभनीय टिप्पणियों के साथ निम्नस्तर के आरोप लगाए गए, लेकिन राहुल गांधी किसी भी प्रहार से जरा सा भी विचलित नजर नहीं आ रहे हैं। और ये एक-दो बरस की बात नहीं है, पिछले 20 सालों से ऐसा ही चलता आ रहा है और राहुल गांधी व्यक्तिगत, राजनैतिक तमाम तरह के हमलों का सामना करते हुए अपनी बात बेधड़क रखते चले जा रहे हैं। हाल ही में उन्होंने 4 हजार किमी की लंबी पदयात्रा करने का अद्भुत और लगभग असंभव काम संभव कर दिखाया। इस पूरी यात्रा के दौरान भाजपा के उन पर हमले जारी रहे। इससे पहले नेशनल हेराल्ड मामले में उनसे कई घंटों की लंबी पूछताछ हुई, उसमें भी राहुल गांधी ने धैर्यपूर्वक सारे सवालों का जवाब दिया, जांच एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग किया। संसद में उनसे माफी की मांग पर रोज सत्र ठप्प करवाए जा रहे हैं, तब भी राहुल गांधी अपनी बात पर अडिग हैं और माफी मांगने तैयार नहीं। उनके खिलाफ विशेषाधिकार प्रस्ताव लाने की तैयारी भी भाजपा कर रही है, जिससे उनकी लोकसभा सदस्यता जा सकती है। और अब सूरत की अदालत से दो साल की सजा का फैसला आ गया है। जिसके बाद फिर सवाल उठने लगे हैं कि क्या इससे राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म हो जाएगी। क्योंकि जनप्रतिनिधि कानून के मुताबिक अगर किसी सांसद या विधायक को 2 या 2 साल से अधिक की सजा सुनाई जाती है, तो उनकी सदस्यता रद्द हो जाती है साथ ही छह साल के लिए वे चुनाव भी नहीं लड़ सकते। राहुल गांधी को अब इस मामले में गुजरात हाईकोर्ट में अपील कर, इस फैसले पर स्टे लेना होगा। यानी फिलहाल राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म होने के आसार हैं। लेकिन इससे उनसे अधिक तकलीफ भाजपा को हो सकती है। राहुल गांधी जब तक सांसद हैं, तब तक उन्हें घेरना आसान रहेगा। लेकिन जिस दिन वे संसद से बाहर होंगे, उस दिन जनता के बीच उनकी पैठ और गहरी हो जाएगी। वैसे भी सूरत की अदालत के फैसले के बाद उन्होंने गांधी जी के आदर्शों को याद करते हुए ट्वीट किया है कि मेरा धर्म सत्य और अहिंसा पर आधारित है।

सत्य मेरा भगवान है, अहिंसा उसे पाने का साधन।% उन्होंने अदालत में ये भी कहा कि वो किसी समुदाय को अपने बयान से ठेस नहीं पहुंचाना चाहते थे। अगर यह फैसला छह महीने पहले आया होता, तब शायद भाजपा इसका कुछ लाभ ले सकती थी। लेकिन अब तो राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के बाद वाले शख्स हैं, जिन्होंने पूरी यात्रा के दौरान नफरत के खिलाफ प्यार का संदेश दिया है। लाखों लोगों ने उनके इस संदेश को सुना और महसूस किया है। इसलिए अब राहुल गांधी के लिए सहानुभूति और बढ़ेगी। बस अब कांग्रेस को यह तय करना है कि वह इस मामले में शब्दबाण ही चलाएगी या फिर इस मौके का लाभ उठाकर पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करेगी। यह संयोग ही है कि राहुल गांधी को 23 मार्च के दिन सजा सुनाई गई। 23 मार्च भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का शहादत दिवस है। इसी तारीख को मशहूर क्रांतिकारी कवि अवतार सिंह संधू उर्फ पाश की खालिस्तानियों ने हत्या कर दी थी। अंग्रेजों की क्रूरता और नाइंसाफी के सामने झुकने की जगह, उन्हें अपनी बहादुरी से चौंकाने वाले युवा भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को अंग्रेजों ने फांसी दे दी, ताकि वे अपने खिलाफ सिर उठाने वाले हर शख्स को डरा सकें, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भले आरएसएस के दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर ने बंच ऑफ थॉट्स में कहा हो कि हम उनकी शहादत को महानता के उस चरम बिंदु के रूप में नहीं देख सकते, जिससे लोगों को प्रेरित होना चाहिए।

क्योंकि वे अपने आदर्शों को पाने में विफल रहे और इस विफलता में उनका बड़ा दोष है। (बंच ऑफ थॉट्स, साहित्य सिंधु, बंगलुरु, 1996, पेज- 283)। लेकिन सच्चाई यही है कि इनकी शहादत से लाखों नौजवानों को अन्याय के खिलाफ उठने की प्रेरणा मिली। तरीके भले अलग-अलग रहे, मगर आजादी के लिए संघर्ष और तेज हुआ और आखिरकार अंग्रेजों को अपनी हुकूमत समेट कर जाना पड़ा। जिन लोगों ने स्वतंत्रता संघर्ष में रत्ती भर भी योगदान नहीं दिया, वे शहीदे आजम को विफल कह सकते हैं।

# अमृतकाल में अमृतपाल!

सिख फॉर जस्टिस का सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नून के सिर पर खालिस्तान पर मतसंग्रह कराने का जुनून सवार है। पन्नून ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, उत्तर अमेरिका, यूरोप, मलयेशिया, केन्या, फिलीपींस, सिंगापुर और मिडल इस्ट के देशों इस तरह के तथाकथित मतसंग्रह कराकर जो खेल करना चाहता है, उसे रोकने के वास्ते पीएम मोदी के पास क्या योजना है?

आपको रोज़ एक नई कहानी मिलेगी। अमृतपाल कैसे भागा, किसने मदद की, आख़िरी बार कहां दिखा था, विदेशों के किन ठिकानों से पैसे कैसे आते थे? क़िस्सागोई करने वाले बस इतना ध्यान रख रहे हैं कि सारा ठीकरा पंजाब सरकार पर फोड़ें, और केंद्र सरकार को आरोपों की आंच से बचाये रखें। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अक्टूबर 2021 में फैसला लिया था कि 15 किलोमीटर के बदले, पंजाब के 50 किलोमीटर रेडियस वाले सीमाई इलाकों की चौकसी बीएसएफ के अधीन होगी। यदि अमृतपाल पंजाब सीमा की 50 किलोमीटर परिधि को भी पार कर चुका था, तो जवाबदेही किसकी बनती है? 80 करोड़ रूपये अमृतपाल और उसके समर्थकों के पास ऑन लाइन ट्रांसफर हुए, ये तो ऑन द रिकार्ड है। हवाला से जाने कितने सौ करोड़ आये होंगे? सात वर्षों से ये सब पक रहा था, केंद्रीय एजेंसियां और उस महकमे के मंत्री की नींद तब खुली, जब उनके पाले हुए व्याघ्र ने पलटकर ललकारना आरंभ किया। खालिस्तान का नासूर अब फैल चुका है। देश में कम, दुनिया के मुख्तलिफ हिस्सों में ज़्यादा। 1984 की ग़लतियों को सबसे पहले कांग्रेस ने भुगता, उसके हवाले से देश और समाज के अमन-चैन को समय-समय पर कुरेदा जाता रहा है। आज देश में जो बचे-खुचे सिख सुख-चैन से जैसे-तैसे आबोदाना-आशियाना बचाये हुए हैं, उन्हें सफाई देनी पड़ रही है कि वो खालिस्तान के खुरापातियों के साथ नहीं खड़े हैं। लेकिन जनरैल सिंह भिंडरावाला के गांव से लेकर पंजाब-हरियाणा के विभिन्न डेरों में विगत आठ-नौ वर्षों में क्या उन ग़लतियों की पुनरावृत्ति नहीं हो रही थी? क्या बताना पड़ेगा कि खालिस्तान के खुरापातियों को केंद्र से लेकर राज्य में राजनीति करने वाले किन लोगों से खाद-पानी मिलता रहा है? अमृतपाल की मां बलविंदर कौर ने बयान दिया कि मेरा बेटा युवाओं को नशा मुक्त करके, उन्हें सिख धर्म में वापिस लाकर समुदाय के लिए काम कर रहा था। अमृतपाल के संरक्षक उसे %मासूम% बता रहे हैं। मासूम है, या मक्कार इसे कौन तय करेगा? ऐसा नेक



काम करने वाला इंसान देश के गृहमंत्री को जान से मारने की धमकी दे। थाने पर हमला करे, पुलिसकर्मियों को कूट डाले, हथियारों से हर समय घिरा रहे, यह बात गले नहीं उतरती। 26 जनवरी, 2021 को किसान आंदोलन के समय लाल क़िला हिंसा मामले में दीप सिद्धू को लोग जान पाये थे। सत्ता प्रतिष्ठान ने किसान आंदोलन को कमज़ोर करने के वास्ते दीप सिद्धू का इस्तेमाल किया था, यह बात भी उन दिनों सामने आई थी। %वारिस दे पंजाब% का नेता दीप सिद्धू 15 फरवरी 2022 को दिल्ली से सोनीपत के रास्ते एक रहस्यमय सड़क दुर्घटना में मारा जाता है। उन दिनों अमृतपाल दुबई में अपने किसी रिश्तेदार का ट्रांसपोर्ट बिजनेस देख रहा था। उसके फेसबुक अकाउंट से %वारिस दे पंजाब% के कर्ताधर्ता जुड़े थे। दीप सिद्धू से उसकी अनबन भी हुई थी। मार्च 2022 में दावा किया गया कि अब से अमृतपाल %वारिस दे पंजाब% का नया चीफ है। दीप सिद्धू की तथाकथित दुर्घटना के दस माह बाद, सितंबर 2022 में अमृतपाल दुबई से पंजाब लौटता है। परिस्थितियां बता रही हैं कि वारिस दे पंजाब को बाकायदा हाईजैक किया गया था। कालचक्र ने जिस अमृतपाल को हीरो बना दिया, दरअसल वह इस पूरे शतरंज का प्यादा भर है। इस प्यादे की वजह से इस समय ब्रिटेन से संबंध ख़राब होने की परिस्थितियां बन रही हैं। ब्रिटिश हाईकमीशन से बैरिकेड हटाकर वाहवाही तो बटोर ली, मगर यह भूल गये कि ब्रिटेन पाकिस्तान नहीं है, जिससे जैसे को तैसा वाला व्यवहार करें। ब्रिटेन जी-20 का प्रमुख देश है, और इस साल अध्यक्ष देश भारत शिखर बैठक करा रहा है। इस समय केवल ब्रिटेन खालिस्तान राजनीति का एपीसेंटर नहीं बना हुआ है, जी-20 के दो अन्य प्रमुख देशों कनाडा और अमेरिका में भी %वारिस दे पंजाब% के समर्थन में विप्लवी भारतीय कूटनीतिक मिशन को घेर रहे हैं, वहां की सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं।

अमृतपाल के हवाले से हो रहे प्रदर्शनों का बुरा असर इंडियन डॉयसपोरा पर पड़ रहा है। 2021 में प्रवासी भारतीयों के बारे में संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में जानकारी दी गई थी कि विदेश रहने वाले भारतीयों की संख्या 3 करोड़ 20 लाख है। साल दर साल प्रवासी भारतीयों की संख्या में दस लाख का इजाफा होता गया है। ये कहने को प्रवासी हैं, मगर इनमें खेमे बंटे हुए हैं। एक, भारतीय सत्ता प्रतिष्ठान का समर्थक और दूसरा विरोधी। कुछ ऐसे भी हैं, जो इस खेमेबाजी से दूर अपने प्रोफेशन और परिवार से सरोकार रखते हैं। इंडियन डायसपोरा में यह खेमेबाजी मई 2014 के बाद से व्यापक रूप से दिखी है। जो लोग दुनियाभर में डायसपोरा को मॉनिटर करते हैं, उन्हें भी इस नये ट्रेंड पर हैरानी है।

ऐसे हालात से खालिस्तान के नाम पर खेल करने वालों को फायदा हो रहा है, जिसमें कुछ शासन प्रमुख शामिल हैं।

ऑस्ट्रेलिया में कुल आबादी के 0. 8 फीसदी सिख हैं, लगभग दो लाख 25 हज़ार। उनमें से काफी सारे लोगों ने अमृतपाल को आज की तारीख़ में हीरो मान लिया है, और उसके समर्थन में प्रदर्शन कर रहे हैं। फरवरी 2022 में ऑस्ट्रेलिया के क्रेगीबर्न में श्रीगुरू सिंह सभा, मेलबॉर्न का मिरीपीरी गुरूद्वारा, तारनेट और प्लंप्टन के गुरूद्वारे खालिस्तान आंदोलन की रणनीति तय कर रहे थे। कनाडा में भारतीय प्रवासियों के बीच सिखों की संख्या 34 फीसदी है, और हिंदू 27 प्रतिशत हैं। इसी हवाले से प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने तंज करते हुए कहा था, %हमारे कैबिनेट में जितने सिख हैं, मोदी मंत्रिमंडल में भी नहीं होंगे।% जस्टिन ट्रूडो सिख मिलिटेंसी को माचिस मारने में सबसे आगे रहे हैं। मगर, इसका साइड इफेक्ट यह हुआ कि कनाडा में सिख बनाम हिंदू की राजनीति आरंभ हुई। यह ठीक है कि इसका फायदा भारतीय जनता पार्टी ने उठाया, मगर बाकी भारतवंशियों की आवाज नक्कारखाने में तूती बनकर रह गई।

संघ के लोग मानते हैं कि यूके से उत्तर अमेरिका तक उसके चालीस लाख समर्थक एक बड़ी ताकत हैं। भारत में सोशल मीडिया 2014 के बाद जाग्रत हुई है, उससे डेढ़ दशक पहले यूके से उत्तर अमेरिका तक हिंदू चेतना इंटरनेट के जरिये सुलगाई जा चुकी थी। मोदी के लिए इवेंट के काम यही लोग आते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज की तारीख में ग्लोबल है। %हिंदू स्वयंसेवक संघ% (एचएसएस) नाम से 39 देशों में उसकी जड़ें फैली हुई हैं। 2015 की बात है, न्यूयार्क के कोर्ट में हिंदू स्वयंसेवक संघ को आतंकी संगठन घोषित करने का एक मुकदमा %सिख फॉर जस्टिस% नामक संगठन ने दायर कर रखा था। सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) का सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नून के सिर पर खालिस्तान पर मतसंग्रह कराने का जुनून सवार है। इस वास्ते उसे पाकिस्तान और आज़ाद कश्मीर लॉबी का पूरा समर्थन है। 31 दिसंबर, 2021 को ब्रिटेन के लीड्स और ल्यूटन में हुए मतसंग्रह में 20 हज़ार वोट डले थे। एसएफजे ने 31 अक्टूबर, 2022 को लंदन में भी मतसंग्रह कराये थे। ब्रिटेन में खालिस्तान पर वह आठवें दौर का मतसंग्रह था। सिख फॉर जस्टिस का सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नून ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, उत्तर अमेरिका, यूरोप, मलयेशिया, केन्या, फिलीपींस, सिंगापुर और मिडल इस्ट कि देशों इस तरह के तथाकथित मतसंग्रह कराकर जो खेल करना चाहता है, उसे रोकने के वास्ते पीएम मोदी के पास क्या योजना है? 2019 में सिख फॉर जस्टिस को भारत सरकार ने प्रतिबंधित किया था।

कायदे से गुरपतवंत सिंह पन्नून को अंतरराष्ट्रीय अतिवादी घोषित करना चाहिए था।

# इंसान व जानवर के बीच प्यार-दोस्ती की तलाश

जब हाथी के बच्चे रघु और उसके पालनकर्ता बोमन व बैल्ली तथा इस डाक्यूमेंट्री को सबसे अच्छी डाक्यूमेंट्री फिल्म पर ऑस्कर पुरस्कार मिलने की खबर पढ़ी तो सहसा ही अनेक वे बातें याद आने लगीं जो देखी, पढ़ी, सुनी और खुद अनुभव की हैं। हालांकि, बोमन और बैल्ली को ऑस्कर के बारे में कुछ पता नहीं है। लेकिन वे इस बात पर खुश भी हैं कि फिल्म बनाने वालों की मेहनत सफल हुई। उनका कहना है कि जंगल में उनका जीवन अनाथ हाथियों को पालते ही बीता है। अक्सर हाथी बिजली के करंट से मर जाते हैं। ऐसे में यदि कोई हाथी का बच्चा अनाथ हो गया तो उसकी जिम्मेदारी किसी परिवार को सौंप दी जाती है। बोमन और बैल्ली का परिवार ऐसा ही है। पिछले दिनों एलिफेंट विस्परर्स की तरह का ही एक विदेशी वीडियो देखा था। जिसमें एक स्त्री ने हाथी के बच्चे को बचाया था। वह उसके घर में ही रहता है। महिला रसोई में हो तो रसोई में खड़ा रहता है। सोफे पर बैठे तो सोफे पर उसके साथ बैठना चाहता है। अब बेचारा सोफा उसका वजन कहां तक संभाले।

देहरादून के अख्तर इमाम ने अपनी पांच करोड़ की सम्पत्ति हाथियों के नाम कर दी थी। उनका कहना था कि हाथियों की देखभाल करने वाला कोई नहीं है। जंगल खत्म हो रहे हैं। वे शहरों की तरफ आते हैं और किसी न किसी कारण बुरी तरह से घायल हो जाते हैं या मारे जाते हैं। अख्तर अब इस दुनिया में नहीं हैं, मगर उनकी बात कितनी सही है। आज भी सैकड़ों की संख्या में हाथी बिजली के करंट लगने से मर जाते हैं। एलिफेंट विस्परर्स के शिशु हाथी रघु के माता-पिता भी इसी तरह मारे गए थे। एक तेज़ आवाज़ सुनाई दे रही है-मम्मी... मम्मी। फिर दूर से आवाज़ आती है- आ रही हूं बेटा। खाना तो बना लूं। मम्मी-मम्मी पुकारने वाला कोई बच्चा नहीं लाल, पीले रंग का एक बड़ा तोता है। यह पीढ़े पर बैठकर आवाज़ लगा रहा है। एक अन्य वीडियो में एक लड़की अपनी मां से बात कर रही है। वह कह रही है कि आपके जाने से गुड्डू बहुत उदास है। उससे बातें कर लो। तब मोबाइल स्क्रीन से आवाज़ उभरती है- गुड्डू बेटा क्या हाल है। यह एक कुत्ता है। पहले तो वह गर्दन इधर-उधर हिलाकर आवाज़ की दिशा को पकड़ने का प्रयास करता है। फिर समझ में आते ही मुंह ऊपर उठाकर जोर-जोर से रोने लगता है। मनुष्य और पशु-पक्षियों की दोस्ती शायद उतनी ही पुरानी है, जितनी कि सृष्टि। अपने घोड़े, हाथियों, गायों, बकरियों, कुत्तों, तोतों, बंदरों, भालुओं आदि को लोग जब घर में पालते हैं तो वे घर के सदस्य हो जाते हैं। पेटा जैसी संस्थाएं इस बात की शिनाख्त कभी करती ही नहीं हैं। वे जानवर पालने को उन पर अत्याचार बताती हैं। जबकि बहुत-सी घटनाओं में यदि पालतू जानवर को उसके मालिक से अलग कर दिया जाए तो वह खाना-पीना तक छोड़ देते हैं। कई



बार तो उनकी मृत्यु तक हो जाती है। बहुत से लोग मांसाहारी जानवरों को पालने का शौक भी रखते हैं। इस संदर्भ में मशहूर लेखक रस्किन बान्ड की एक अखबार में छपी कथा याद आ रही है। उन्होंने लिखा था कि उनके दादा जी को एक शिशु बाघ जंगल में मिला था। वह उसे घर ले आए। वहीं पलने लगा। दादा जी से उसकी दोस्ती भी बहुत थी। जब थोड़ा बड़ा हुआ तो उनके साथ घूमने जाने लगा। धीरे-धीरे उसमें शिकार की प्रवृत्ति उभरने लगी। अब रास्ते में कोई भी जानवर दिखता तो वह उस पर हमला बोलने की कोशिश करता। जो लोग अपने कुत्तों को घुमाते थे, वे डरने लगे। इससे रस्किन बान्ड जी के दादा जी को चिंता हुई। अभी तो जानवरों पर हमला बोल रहा है, हो सकता है कल किसी आदमी पर ही बोल दे। इसलिए एक दिन वह उसे लखनऊ चिड़ियाघर में छोड़ आए, पर उसकी याद हमेशा आती। अगले साल उनका लखनऊ जाना हुआ तो वह बाघ के पिंजरे के पास पहुंचे।

और हाथ डालकर उसकी गर्दन सहलाने लगे। वह उनका हाथ चाटने लगा। तभी बाघ की देखभाल करने वाला आ पहुंचा। वह बोला- साहब, यह आप वाला बाघ नहीं है। वह तो पिछले साल मलेरिया से मर गया। अब चौंकने की बारी दादा जी की थी। उन्होंने तत्काल हाथ बाहर निकाला। घबराहट भी हो ही रही होगी।

ऐसे किस्से हमारे जनजीवन में बहुतायत से मिलते हैं, जिनमें किसी न किसी पशु-पक्षी से मनुष्य की दोस्ती का कथन होता है। चकित करने वाले किस्से होते हैं। लोक कथाओं, लोकगीतों में इनकी भरमार है। विदेश में एक आदमी एक बार नदी के किनारे टहल रहा था। वहां उसे एक घायल मगरमच्छ मिला। वह उसे घर ले आया। वहां उसने उसका इलाज किया। इतने दिनों तक वह इस आदमी के घर में ही रहा। जब वह पूरी तरह से स्वस्थ हो गया तो यह आदमी उसे नदी में ही छोड़ आया। लेकिन आश्चर्य कि अगले दिन जब इस आदमी ने अपने घर का दरवाजा खोला तो मगरमच्छ वरांडे में सो रहा था।

छत्तीसगढ़ में एक महिला ने रामश्री नाम की मैना पाल रखी थी। महिला अपने खेतों पर काम करने जाती थी। जब उसके घर में कोई मेहमान आता तो मैना उड़कर महिला को सूचना देने जाती थी।

बहुत साल पहले ग्रेटर कैलाश भाग एक के बस स्टैंड पर एक ढाबा था। वहां के मालिक ने एक मैना और एक तोता पाले हुए थे। जब भी कोई ग्राहक आता तो तोता पूछता- रोटी-सोटी खाओगे। फिर मैना कहती लो जी। खा भी लो।

## एक नजर...

### महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त संगठन द्वारा मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

दैनिक पुष्पांजली टुडे




गोहद-महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त संगठन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायकों के द्वारा मानव श्रंखला बनाते हुए मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम ज्ञापन गोहद विधायक मेवाराम जाटव के निवास एवं रणवीर जाटव अध्यक्ष संत रविदास हथकरघा निगम मध्य प्रदेश कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त तथा अनुविभागीय अधिकारी गोहद के माध्यम से दिया गया तथा महिला बाल विकास विभाग की सहायिकाओं को दिया जाने वाला मानदेय दैनिक न्यूनतम मजदूरी से भी कम होने से मानव अधिकारों के प्रति सरकार के नजरियों को स्पष्ट करता है किंतु दुर्भाग्य है नारी शक्ति का आज तक सत्ता पक्ष अथवा विपक्ष किसी के द्वारा भी मुद्दे पर बात नहीं रखी गई है एक तरफ जहां महिला सशक्तिकरण की तरफ लाडली बहना योजना पर प्रदेश के मुख्यमंत्री 1000 माह देने की घोषणा की है वही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अपनी सरकार बनने पर 1500/रुपए प्रति माह देने की घोषणा की है किंतु इन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं की तरफ किसी भी दल का ध्यान नहीं है इस विषय पर कार्यकर्ताओं ने खेद जताया तथा अपनी मांगों के समर्थन में आगे आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया ज्ञापन देने की कार्रवाई का नेतृत्व श्रीमती नीलम श्रीवास्तव नीरज श्रीवास्तव सीमा दुबे, अनीता कांकर, रश्मि माहौर, मधु गुप्ता, गगन गुप्ता आदि ने नेतृत्व किया

### पत्रकार सुरक्षा कानून पारित करने को लेकर मुख्यमंत्री के नाम डीएम को सौंपा ज्ञापन

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर



**एटा।** एटा आज दिनांक 27 मार्च 2023 जनपद में पत्रकारों ने एक जुट हो उत्तर प्रदेश में जनहित की पत्रकारिता करने वाले पत्रकारों और उनके परिवारों को एक के बाद एक अनेकों तरह से प्रताड़ित किया रहा है। मारपीट, हमले, हत्या और फर्जी झूठे मुकदमों से पत्रकार और उनके परिवारों का जीना दुस्वार कर दिया है। बेइंतहा होते शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक उत्पीडन अत्याचार से पत्रकारों एवं उनके परिवारों में डर दहशत एवं भय का माहौल है । लगातार होते पत्रकारों एवं उनके परिवारों के साथ दुर्वयवहार के कारण स्वतंत्र पत्रकारिता में बड़ा व्यवधान पड़ रहा है जो आजाद भारत में लोकतंत्र के लिये अत्यंत निंदनीय विषय है। जिस पर बिना समय गवाए अभिलम्ब सकारात्मक निर्णय लेना अति आवश्यक है। यही नहीं वर्तमान बिगड़ते हालातों को गम्भीरता से लेकर उत्तर प्रदेश में भी छत्तीसगढ़ की भाँति पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाए । उत्तर प्रदेश में बढ़ते पत्रकार उत्पीड़न को लेकर जनपद एटा में पत्रकारों ने एकजुट होकर जिला अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के नाम ज्ञापन सौपा । इस दौरान नेतृत्व कर रहे बबलू चक्रबर्ती ने जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल से स्थानीय स्तर के पत्रकारों के मान, सम्मान हेतु आग्रह किया तो जिलाधिकारी अकिंत कुमार अग्रवाल ने तत्काल समस्त विभागों को आदेश जारी करने का आश्वासन दिया और आदेश से सम्बंधित पत्र जारी करने के निर्देश भी दिये । पत्रकारों ने जिलाधिकारी के इस पहल का स्वागत किया।

### राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करने के विरोध में कांग्रेस ने किया पुतला दहन

दैनिक पुष्पांजली टुडे




**मेहगांव ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करने के विरोध में कांग्रेस नेता राहुल सिंह भदौरिया के नेतृत्व मेहगाँव में प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन करने एवं पुतला दहन करने में मुख्य रूप से ब्रजेन्द्र सिंह कुशवाह कल्लू, जगदीश शर्मा, नाथूराम चुरारिया सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी का महिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा सूरी नगर, मुरार ग्वालियर के ज्ञान सूर्य भवन में महिला सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका विषय था नारी स्वर्ग का द्वार है अर्चना दीदी ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समीक्षा गुप्ता पूर्व महापौर ग्वालियर पधारी । विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती आशा सिंह( अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत केंद्रीय महिला जागरण प्रमुख ) एवं विशेष अतिथि श्रीमती नीलम जगदीश गुप्ता ( अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत) मध्य भारत प्रांत थी ।मुख्य वक्ता के रूप में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी डायरेक्टर गोल्डन वर्ल्ड रिट्रीट सेंटर मालनपुर से पधारे । सीमा बहन ने सभी का स्वागत किया । श्रीमती मनोरमा गुप्ता वरिष्ठ समाज सेविका ने कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट किया एवं अपने जीवन के अनुभव व्यक्त किए। मुख्य अतिथि श्रीमती समीक्षा गुप्ता ( पूर्व महापौर ग्वालियर) ने कहा कि हम सभी को अपने नारी होने पर गर्व है क्योंकि नारी सृष्टि की सृजनहार है ।

# राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता रद्द करने के विरोध में सत्याग्रह



**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ. बेताल सिंह गौड़**

*मौ। मौ कांग्रेस कमेटी के द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने सत्याग्रह किया गया। र मौके पर जिला महामंत्री राजीव कौशिक ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मोदी अडानी पर प्रश्न किये जाने ने से बोखलाकर जनप्रिय नेता राहुल गांधी की लोक सभा से सदस्यता रद्द कर दी।यह मोदी ह्ल सरकार के हिटलरशाही निर्णय ने जनता द्वारा दिये। ञ्न मेंडेट की हत्या कर दी है।जिसका जवाब जनता आगामी चुनाव दे देगी। सत्याग्रह में डॉ रणवीर सिंह यादव प्रदीप यादव ब्लॉक अध्यक्ष डॉ दिनेश ा जैन कमलेश सोनी इकबाल खान मण्डलम अध्यक्ष मौ दीपक तिवारी तिलकसिंह राजोरिया एडवोकेट संजीव यादव मालती जाटव रे तहसीलदार गुर्जर इरसाद खान जायद खान समीर खान बासुदेव जाटव रामेश्वर यादव विकाश यादव आलोक मिश्रा दिनेश यादव इमरान रायन गोलू खान रामराज शाक्य आदि शामिल हुए।*



### मौ नगर के वार्ड नंबर 15 सालमपुरा में दंगल प्रतियोगिता हुई जिसमें महिला एवं पुरुष पहलवानों ने लिया भाग

पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ.बेताल सिंह गौड



आज सलमपुरा में स्व.श्री बाबू सिंह यादव जी की स्मृति में उनके पुत्र समाजसेवी श्री उदयभान सिंह यादव जी द्वारा दंगल का आयोजन किया गया जिसमे हरियाणा दिल्ली ग्वालियर मुरैना भिंड फिरोजाबाद आगरा मथुरा आदि जिला के पहलवानों ने भाग लिया जिसमें पहली कुश्ती जुगरु पहलवान मुरैना ने विक्रम सिंह फिरोजाबाद को हराकर जीत हासिल की एवं दूसरी कुश्ती बल्लू शुकांड भारत पहलवान के बीच हुई नीरज पहलवान करूं पलवान लवकुश पहलवान खुशी पहलवान मथुरा आदि कई पहलवान उपस्थित रहे अतिथि में भाजपा के वरिष्ठ नेता पुरुषोत्तम बनोरिया एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केशव देसाई जी, जागेश यादव जी एवं मौ क्षेत्र की जनता ने कुश्ती का आनंद लिया और यह दंगल हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी बड़े ही शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुआ।

# विधायक सुश्री हिना कावरे ने किया 4 करोड़ 40 लाख रूपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे**

लांजी जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत देवलगांव एवं बाजार चौक पाथरगांव में 27 मार्च को विधायक हिना कावरे के हस्ते पुल पुलिया एवं सड़क मार्ग का भूमिपूजन किया जाना था जिसके तहत देवलगांव तथा कलपाथरी, पाथरगांव पंचायत के द्वारा भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में 27 मार्च को दोपहर लगभग 2 बजे से ग्राम देवलगांव के बाजार चौक में दहेगांव से देवलगांव मार्ग 3 किमी निर्माण लागत 2 करोड़ 95 लाख रूपये का भूमिपूजन किया गया। इसी कडी में ग्राम पंचायत पाथरगांव से अमेड़ा के मध्य लगभग 36 लाख रुपए की राशि से बनने वाले पुलिया का विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया तदोपरांत कलपाथरी से पाथरगावं पंहुच मार्ग दुरी 1 किमी निर्माण लागत 1



करोड 9 लाख रूपये की राशि से बनने वाली पक्की सड़क भूमिपूजन किया गया। उक्त समारोह विधायक सुश्री हिना कावरे के मुख्यातिथ्य एवं अजय अवसरे, देवेन्द्र खोंगल, युवराज पटले, ओमकार बाबा रहांगडाले, ललीत कबीरे, प्रमोद अग्रवाल,रेवाजी करहाटकर, पीडी भालाधरे, सौरभ पसीने, मुकेश जोशी, सुरेन्द्र चौधरी, राजू मेंढें, नत्थूलाल रहांगडाले, रंजित कटरे, एसडीओ नेवारे, शिवचरण कटरे, विजय कावडे के विशेष आतिथ्य मे संपन्न हुआ। इस भूमि पूजन समारोह में ग्राम पंचायत देवलगांव की सरपंच श्रीमती पुष्पा कमलकिशोर ठाकरे, ग्राम पंचायत दहेगांव की सरपंच कु सिविका पालेवार, ग्राम पंचायत कलपाथरी के सरपंच लिकेश ऐडे, शशिकला बिसेन सरपंच केरेगांव, ग्रामो के उपसरपंच, पंच गण एवं ग्रामीणो जन उपस्थित रहे।

# मनरेगा योजनांतर्गत एवं स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जिला स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

**पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

श्री विवेक कुमार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट के द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत जिला स्तरीय समीक्षा बैठक जिला पंचायत सभा कक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित की गई है बैठक में कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बालाघाट श्री संदीप चौधरी परियोजना अधिकारी मनरेगा तथा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त जनपद पंचायतो के सहायक यंत्री, उपयंत्री, अति. कार्यक्रम अधिकारी एवं सहायक लेखाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्यतः श्रमिक नियोजन लेबर बजट की प्रगति निर्माणधीन अमृत सरोवरो की प्रगति नवीन स्वीकृत 16 अमृत सरोवर की प्रगति सी.एल.एफ.भवन निर्माण की प्रगति निषादराज भवन की प्रगति प्रथम चरण उचित मूल्य दुकान सह गोदाम निर्माण कार्य प्रगति सुदूर सड़क प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा पुष्कर धरोहर कार्यों की पूर्णता की प्रगति मनरेगा अभिषरण अन्तर्गत ऑगनवाड़ी भवन पूर्णता आधार लिंकिंग प्रगति रिजेक्टेड ट्रान्जेक्शन की प्रगति् एन.एम.एम.एस. प्रगति एरिया ऑफिसर एप्प प्रगति सामग्री देयकों की शतप्रतिशत प्रोर्टल पर दर्ज किये जाने की समीक्षा की गई बैठक में समस्त निर्माणाधीन कार्यो को समय सीमा में पूर्ण कराने कहा गया व्यक्तिगत नाडेप सोकपिट रेट्रोफिटिंग सामुदायिक स्वच्छता परिसर व्यक्तिगत शौचालय




कार्य गुणवत्तापूर्ण किये जाने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत द्वारा दिये गए तत पश्चात स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण कीअंतर्गत मुख्य रूप से सामुदायिक सोकपिट सामुदायिक नाडेप डिसेंट्रलाइज वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम की समीक्षा की गई कम प्रगति वाली जनपद पंचायतो को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह के भीतर लक्ष्य अनुसार प्रगति सुनिश्चित करें।

### बोर्ड पैटर्न पर हो रहीं 5वी व 8वी की परीक्षाओं में कोई ढिलाई न हो: कलेक्टर



ग्वालियर। बोर्ड पैटर्न पर आयोजित हो रहीं 5 वी और 8 वी की परीक्षाओं में कोई ढिलाई न हो। परीक्षाएँ सुव्यवस्थित ढंग से और पूर्णतः नकल रहित सम्पन्न हों। साथ ही परीक्षा कक्षों में बैठक व्यवस्था भी बेहतर रहे, जिससे बच्चे अच्छे वातावरण में बैठकर प्रश्नपत्र हल कर सकें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान केंद्राध्यक्ष सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर सिंह ने सोमवार को ठाठीपुर स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 5 वी और 8 वी की परीक्षा के लिए बनाए गए परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर डीपीसी रविन्द्र सिंह तोमर मौजूद थे।

# थाना मौ जिला भिण्ड द्वारा बाहन चैकिंग के दौरान एक 32 बोर पिस्टल व छः 32 बोर के जिन्दा राउण्ड सहित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ.बेताल सिंह गौड़**

श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक महोदय चम्बल जॉन श्री सुशान्त सक्सेना एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय भिंण्ड श्री शैलेंद्र सिंह चौहान एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय जिला भिण्ड श्री कमलेश कुमार खरपुस के निर्देशन मे अवैध हथियार व अवैध शराब पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये थे व श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) गोहद श्री आर. के. एस राठौर एवं मौ थाना प्रभारी श्री उदयभान सिंह यादव के मार्ग दर्शन में दिनांक 26/03/2023 को दौराने बाहन चैकिंग किटी तिराहा पर सेवढा तरफ से एक मोटर साईकल स्पलैण्डर प्लस बिना नम्बर प्लेट की आती दिखी जिस पर दो व्यक्ति बैठे थे जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे संदेह होने पर हमराह फोर्स के मदद से घेराबंदी कर रोका एवं जामा तलाशी ली तो गाडी के पीछे बैठे व्यक्ति के पहने जीन्स पेन्ट मेकमर पर दाहिनी तरफ एक 32 बोर पिस्टल खुर्सी मिली पिस्टल को कब्जे मे लेकर मैगजीन को खोलकर देखा तो उसमे एक 32 बोर का जिन्दा राउण्ड लगा मिला तथा उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम संदीप यादव पुत्र हुकम सिंह यादव उम्र 34 साल निवासी ग्राम खेरिया जल्लू थाना मौ का होना बताया मोटर साईकल चालक की जामा तलाशी ली तो उसके लोबर की जेब मे 32 बोर पिस्तल के 05 जिन्दा राउण्ड रखे मिले जिसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम विनय यादव पुत्र कल्ली यादव उम्र 21 साल निवासी वार्ड क्र 01 लुहारपुरा मौ का होना बताया। 32 बोर पिस्टल व राउण्ड व स्प्लेण्डर मोटर साईकल के सम्बन्ध मे कोई बैध दस्तावेज न होने से मौके पर समक्ष पंचान विधिवत जप्त कर जप्ती पत्रक तैयार कर मौके पर आरोपीगण (1) संदीप यादव पुत्र हुकम सिंह यादव उम्र 34 साल निवासी ग्राम खेरिया जल्लू थाना मौ (2) विनय यादव पुत्र कल्ली यादव उम्र 21 साल निवासी वार्ड क्र 01 लुहारपुरा मौ थाना मौ जिला भिण्ड (म.प्र.) को गिरफ्तार किया गया। आरोपीगण के विरुद्ध अपराध क्रमांक 73/2023 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया। आरोपीगण को आज दिनांक 27/03/2023 को माननीय न्यायालय गोहद के समक्ष पेश किया गया है। तथा एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम रामू यादव उर्फ सतेन्द्र सिह यादव पुत्र रविन्द्र सिह यादव उम्र 27 साल निवासी बैक कालोनी बडागांव चौराह मुरार ग्वालियर (म.प्र.) का होना बताया गया जिसके विरुद्ध थाना बरोही में माननीय न्यायालय से स्थाई वारण्ट जारी किया गया है। सराहनीय भूमिका उक्त सराहनीय कार्य मे पुलिस थाना मौ के निरीक्षक उदयभान सिह यादव, उनि) अरविन्द सिह यादव,उनि0 प्रवेन्द्र सिह,सउनि0 सुभाष गौतम, सउनि हुकम सिंह चौधरी, प्र. आर. 398 इरशाद अली, प्र. आर 439 हेमन्त आर्य, आर 62 अजय यादव, आर 930 ओमवीर, आर 470 रंजीत सिह, आर 535 विनोद राजौरिया आर 564 अनिल कुमार, व्हीडीएस वीर सिह की सराहनीय भूमिका रही है।

# सब्र का फल मीठा, एशियाड-ओलिंपिक में मददगार होगा होम क्राउड का प्रेशर

**भोपाल।** स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने भोपाल में चल रहे ढ्डस्स्न्न शूटिंग वर्ल्ड कप में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। 21 साल की भाकर ने 2 साल और करीब आधा दर्जन वर्ल्डकप के बाद कोई मेडल जीता है। यह मेडल उन्हें सुकून देने वाला होगा, क्योंकि टोक्यो ओलिंपिक से खाली हाथ लौटने के बाद उनकी खूब आलोचना हुई थी। इस जीत के बाद मनु ने दैनिक भास्कर से ऐसे ही कुछ विषयों पर संक्षिप्त बातचीत की। इस मेडल पर मनु ने कहा, %सब्र का फल मीठा होता है। मैंने रफ टाइम में भी ट्रेनिंग नहीं छोड़ी। घरेलू फैंस के सामने मेडल जीतना बेहतरीन अनुभव था। होम क्राउड का प्रेशर मुझे एशियाड और ओलिंपिक के गेम प्रेशर को हैंडल करने में मदद करेगा। मनु ञ्ज खुश हूं...सबसे ज्यादा खुशी घरेलू फैंस की थी कि फैंस इतनी बड़ी संख्या में आकर मेरा हौसला बढ़ा रहे थे। लोग जैसे नारे लगाकर चियर कर रहे थे, मुझे बहुत अच्छा लग रहा था। इंडिया में वर्ल्ड कप खेलना मुझे हमेशा अच्छा लगता है, क्योंकि यहां बहुत सारे लोग आते हैं और जो अपना प्यार देते हैं और सपोर्ट देते हैं। भोपाल वर्ल्ड कप बहुत ही बेहतरीन था और उसकी एंडिंग और भी अच्छी हुई है। पिछली बार बहुत ही छोटे से अंतर से मेडल मिस हुआ था। इस बार मुझे ब्रॉन्ज मिला। खुशी इस बात की है कि अपने ही मैदान पर अपनी ही रेंज में फैंस के



सामने मेडल जीता। सभी पैरेंट्स और फ्रेंड्स मौजूद रहे। उनके सामने खेलना अच्छा था। मनु ञ्ज पिछले साल भी एशियन चैंपियनशिप जीती थी, नेशनल में भी मेडल आए थे। ऐसा नहीं है कि मैं शूटिंग से पूरी तरह हट गई थी। इतना कहूंगी कि इस मेडल के बाद अच्छा महसूस कर रही हूं और ग्रो कर रही हूं। मेरे कोचेज जैसा प्लान करते हैं उसी के हिसाब से ट्रेनिंग करती हूं। कहते हैं सब्र का फल मीठा होता है, मैंने अपनी प्रैक्टिस कभी नहीं छोड़ी। थोड़े से अप-डाउन थे, थोड़ा रफ टाइम था, मैं इंतजार कर रही थी, मैंने ट्रेनिंग वैसी ही रखी। मैं उम्मीद करती हूं कि यहां से जो सिक्वेंस स्टार्ट हुआ है आगे के लिए वह जारी रहे। मनु ञ्ज हर एक मैच बहुत ही हेल्पफुल होता है, जैसा प्रेशर होम रेंज में घरेलू फैंस के सामने खेलकर फेस करते हैं। वैसा ही प्रेशर फॉरिन कंट्रीज में फेस करते हैं। दिमाग में आता है, हमारे सारे रिलेटिव, फैमली मेंबर्स और फ्रेंड्स देख रहे होंगे। वो भी एक अलग तरीके का प्रेशर है। यह प्रेशर एशियाड और ओलिंपिक के गेम प्रेशर को हैंडल करने में मदद करेगा। मनु ञ्ज जो बीत गया, सो बीत गया। मैं कुछ बदल नहीं सकती हूं, हमने उस टाइम पर भी ट्राई किया, जो बेस्ट पॉसिबल हो सकता था, लेकिन मुझे लगता है कि पास्ट को पास्ट ही रहने दें तो अच्छा होगा।

---

मुंबई इंडियंस बनाम दिल्ली कैपिटल्स का फाइनल मैच आज

# दिल्ली की ताकत बैटिंग, मुंबई में ऑलराउंडर्स की भरमार; जानें पॉसिबल प्लेइंग-11

**मुंबई।** विमेंस प्रीमियर लीग (ढ्ढक्क) के पहले सीजन का फाइनल मुकाबला आज मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा। टेबल टॉपर्स दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच शाम 7ञ्30 बजे से मैच शुरू होगा। दोनों टीमें टूर्नामेंट में तीसरी बार आमने-सामने होंगी। इससे पहले लीग स्टेज में एक बार मुंबई और एक बार दिल्ली को जीत मिली। मेग लेनिंग की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स 5 टीमों के पॉइंट्स टेबल में 12 अंकों के साथ टॉप पर रही थी। इस कारण टीम सीधे फाइनल में पहुंची। टूर्नामेंट में गुजरात और मुंबई की टीमें ही दिल्ली को एक-एक बार हरा सकीं। बाकी सभी मुकाबले दिल्ली ने जीते। टीम की कप्तान मेग लेनिंग टूर्नामेंट की टॉप रन स्कोरर हैं। मारियन कैप ने अपने ऑलराउंडर प्रदर्शन से दिल्ली को कई मैच जिताए। इनके अलावा एलिस कैप्सी, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्ज, जेस जोनासेन, तारा नोरिस और शिखा पांडे भी टीम की टॉप प्लेयर्स हैं। मुंबई ने भी टूर्नामेंट के लीग स्टेज में 6 मैच जीते, लेकिन नेट रन रेट कम होने के कारण टीम दिल्ली के बाद दूसरे



नंबर पर रही। उन्हें यूपी वॉरियर्ज के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबला खेलना पड़ा। एलिमिनेटर में टीम ने एकतरफा खेल दिखाया और 72 रनों से मैच जीता। लीग स्टेज में टीम को यूपी और दिल्ली के खिलाफ ही एक-एक मुकाबलों में हार झेलनी पड़ी। बाकी मुकाबले टीम ने जीते। नैटली सीवर ब्रंट और हेली मैथ्यूज टीम की 2 टॉप परफॉर्मर हैं। इनके अलावा बॉलिंग में साइका इशाक, इजाबेल वॉन्ग और अमीलिया केर ने भी बेहतरीन परफॉर्मेंस किया है। टूर्नामेंट की टॉप-5 बॉलर्स में से 4 मुंबई की ही हैं। लीग स्टेज में मुंबई और दिल्ली के बीच 9 मार्च को पहला मुकाबला हुआ। डीवाई पाटिल स्टेडियम में पहले बैटिंग करते हुए दिल्ली 105 पर ऑलआउट हो गई। मुंबई ने 15 ओवर में 8 विकेट से मैच जीत लिया। 20 मार्च को फिर डीवाई पाटिल स्टेडियम में ही दोनों के बीच मुकाबला हुआ। इस बार मुंबई 20 ओवर में 109 रन ही बना सकी। दिल्ली ने महज 9 ओवरों में एक विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। दोनों टीमों ने इससे पहले नवी मुंबई में मैच खेले। वहीं फाइनल मुकाबला मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में होगा। जहां दोनों टीमों ने बाकी टीमों से मुकाबले तो खेले हैं, लेकिन आपस में पहली बार ही भिड़ेंगी। ब्रेबोर्न स्टेडियम की पिच हाई स्कोरिंग मानी जाती है, यहां टूर्नामेंट की शुरुआत में खूब रन बने। लेकिन अब यहां का औसत स्कोर 157 रन हो गया है। स्पिनर्स को मदद मिलने के साथ पिच बैटिंग के लिए भी अनुकूल है। टॉस जीतकर दोनों टीमें चेज करना पसंद करेंगी। मुंबई में रविवार का मौसम साफ रहेगा।

---

# सात्विक-चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में, मलेशियाई जोड़ी से होगा सामना

**बासेल।** भारत की सात्विक साईराज रैंकिरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी शनिवार को यहां स्विस ओपन सुपर सीरीज 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई। सात्विक-चिराग ने जेपे बे और लेसे मोल्हेडे की डेनमार्क की जोड़ी को 54 मिनट तक चले मुकाबले में 15-21, 21-11, 21-14 से हराया। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में भी सात्विक-चिराग ने 84 मिनट तक कड़ा मुकाबला खेला था। अब भारतीय जोड़ी का सामना मलयेशिया के ओंग यू सिन और तियो ई यी से होगा। इस टूर्नामेंट में भारत की ओर से केवल सात्विक-चिराग की चुनौती ही बची है। महिला एकल में पीवी सिंधू और पुरुष एकल में एच एस प्रणय, लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत, मिथुन मंजूनाथ अपने-अपने मुकाबले हारकर बाहर हो चुके हैं। दोनों ने मिलकर बीते समय में भारत के लिए कई सफलताएं अर्जित की हैं। थाईलैंड ओपन, फ्रेंच ओपन, 2018 और 2022 कॉमनवेल्थ खेलों में ऐतिहासिक गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। सेंट जैकबशाल एरिना



में खेलते हुए चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने जेपी बे और लासे मोल्हेडे की दुनिया की 27 नंबर की जोड़ी को 21-15, 11-21, 15-21 से हराया। भारतीय बैडमिंटन टीम ने धीमी शुरुआत की और पहले ब्रेक तक डेनमार्क से 11-6 से पीछड़ गए। हालांकि, चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने जोरदार वापसी करते हुए स्कोर 16-15 कर दिया। जेपी बे और लासे मोल्हेडे ने पांच सीधे अंक बनाकर पहला गेम जीता। चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने दूसरे गेम में अपनी लय पाई और उन्होंने डेनिश जोड़ी को अपनी धुन पर नचाया। उन्होंने हाफ टाइम तक में 11-3 की बढ़त बना ली और मैच को निर्णायक गेम तक ले गए। तीसरा गेम दोनों टीमों ने बराबरी पर शुरू किया और 4-4 से बराबरी पर रहीं। पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने 54 मिनट में मुकाबला अपने नाम किया। यह चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जेप्पे बे और लासे मोल्हेडे के खिलाफ दूसरी जीत थी। भारतीय जोड़ी ने पिछले साल बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के राउंड-16 में डेनमार्क को हराया था।

---

शादी के 10 दिन बाद शुरू किया अभ्यास

# पति दीपक ने दिया साथ तो विश्व चैंपियन बन गईं स्वीटी

**नई दिल्ली।** महिला विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप के 81 किग्रा भारवर्ग में स्वीटी बूरा ने स्वर्ण पदक जीता है। वह इस प्रतियोगिता में देश के लिए दूसरा स्वर्ण पदक लेकर आई हैं। उन्होंने 75-81 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल मुकाबले में चीनी मुक्केबाज को हराकर स्वर्ण पदक जीता है। उनके इस मुकाम तक पहुंचने में उनके पति दीपक हुड्डा का भी बड़ा योगदान है। स्वीटी की शादी कबड्डी खिलाड़ी दीपक हुड्डा से हुई है। एक खिलाड़ी होने के नाते दीपक ट्रेनिंग की अहमियत बखूबी समझते हैं। इसी वजह से उन्होंने स्वीटी को कभी प्रैक्टिस करने से नहीं रोका। जरूरत पड़ने पर हमेशा सपोर्ट किया और अब स्वीटी ने देश का नाम



रोशन किया है। स्वीटी ने दीपक के साथ शादी की थी और शादी के 10 दिन बाद ही वह पैक्टिस में जुट गई थीं। उन्होंने अपनी फिटनेस पर काफी ध्यान दिया। शादी के बाद उन्हें घर का काम भी देखना पड़ता था और उनकी जिम्मेदारी काफी बढ़ गई थी, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और प्रैक्टिस करती रहीं। उन्होंने घर की छत और सड़क पर अभ्यास जारी रखा और पटियाला में इंडिया कैंप में भी ट्रेनिंग की। इसका फायदा उन्हें मिला और अब उन्होंने देश के लिए स्वर्ण पदक जीता है।

---

## महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप

निकहत जरीन लगातार दूसरी बार और हरियाणा की नीतू पहली बार विश्व चैंपियन बनने से एक कदम दूर हैं। निकहत ने बृहस्पतिवार को ओलंपिक पदक विजेता और पिछली विश्व चैंपियनशिप में रजत जीतने वाले कोलंबिया की विक्टोरिया वेलेंसिया इंगरित को 5-0 से हराया तो नीतू ने एशियाई चैंपियन और पिछली विश्व चैंपियनशिप में रजत जीतने वाली कजाखस्तान की अलुआ बालकिबेकोवा 5-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। नीतू ने अलुआ से बीते वर्ष विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में मिली हार का बदला लिया। निकहत के लिए यह चैंपियनशिप खास बन गई है। उन्होंने बताया कि उनकी मां पहली बार किसी चैंपियनशिप में उन्हें पहली आंखों के सामने खेलने देखने आई हैं। निकहत कहती हैं कि पहले तो मां रिंग में उतरने की बात पर ही परेशान हो जाती थीं, लेकिन पिछली विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण के बाद वह थोड़ा मजबूत हुई हैं।

---

वर्ल्ड बॉक्सिंग में नीतू और स्वीटी को गोल्ड

# रोमांचक मुकाबले में 4-3 से जीतीं स्वीटी बूरा; निखत-लवलीना के मुकाबले कल

वर्ल्ड महिला बॉक्सिंग चैपिंयनशिप 2023 में नीतू घंघस के बाद स्वीटी बूरा ने भी गोल्ड मेडल जीत लिया है। स्वीटी ने 81 किग्रा वेट कैटेगरी के फाइनल में चीन की वॉन्ग ली को 4-3 से हराया। मैच खत्म होने के बाद रिव्यू का फैसला आने तक नतीजे के लिए इंतजार करना पड़ा। लेकिन स्वीटी अंत में विजेता रहीं और भारत को दूसरा गोल्ड मेडल दिलाया। उनसे पहले हरियाणा की बॉक्सर नीतू ने 48 किलो वर्ग में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। नीतू ने शनिवार को फाइनल में 2022 एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मंगोलिया की लुत्सेखान अल्तांसेटसेग को हराया। नीतू ने लुत्से खान अल्तांसेटसेग को 5-0 से हराकर





फाइनल एकतरफा अंदाज में ही जीत लिया। 50 किग्रा वेट कैटेगरी की डिफेंडिंग चैंपियन निखत जरीन और 75 किग्रा कैटेगरी में भारत की दावेदार लवलीना बोरगोहेन भी फाइनल में हैं। दोनों के मुकाबले रविवार को खेले जाएंगे। इस जीत के साथ हरियाणा की 22 साल की नीतू वर्ल्ड चैंपियन बनने वाली छठी भारतीय (महिला-पुरुष) मुक्केबाज बन गई। इससे पहले छह बार की चैंपियन मैरी कॉम (2002, 2005, 2006, 2008, 2010 और 2018), सरिता देवी (2006), जेनी (2006), लेखा केसी (2006) और निखत जरीन (2022) ने यह कारनामा किया है। नीतू के मेडल के बाद वर्ल्ड महिला बॉक्सिंग चैपिंयनशिप में भारत के पास अब कुल 11 गोल्ड मेडल हैं, जिनमें सबसे ज्यादा एमसी मैरीकॉम के छह हैं। इससे पहले नीतू ने सेमीफाइनल में मौजूदा एशियाई चैंपियन और पिछले साल की वर्ल्ड चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता कजाकिस्तान की अलुआ बाल्किबेकोवा को 5-2 से मात दिया था। वहीं क्वार्टर फाइनल में आरएससी (रैफरी के द्वारा मुकाबला रोके जाना) के आधार पर जापान की माडोका वाडा को हराया था।

---

# लड़खड़ाईं, जमीन पर गिरीं पर नहीं हारी हिम्मत, पढ़ें कैसे विश्व चैंपियन बनीं स्वीटी बूरा

**नई दिल्ली।** महिला विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वीटी बूरा ने भी स्वर्ण पदक जीत लिया है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में देश को दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया है। स्वीटी से पहले नीतू घणघस ने 45-48 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। इसके बाद स्वीटी ने 75-81 किलोग्राम भारवर्ग में देश को सोना दिलाया है। हालांकि, स्वीटी के लिए विश्व चैंपियन बनना आसान नहीं था। पढ़िए फाइनल मुकाबले में उन्होंने कैसे जीत हासिल की। स्वीटी का मुकाबला चीन की लिना वोंग के साथ था। लिना दुनिया की नामी मुक्केबाज हैं और उनके अनुभव से पार पाना स्वीटी के लिए आसान नहीं था। मुकाबला शुरु हुआ और स्वीटी ने पहले राउंड से आक्रामक खेल दिखाया। पहले राउंड के बाद 3-2



से आगे थीं। दूसरे राउंड में चीनी मुक्केबाज ने उन्हें काफी परेशान किया और स्वीटी जमीन पर भी गिरीं। हालांकि, दूसरे राउंड के बाद भी वह 3-2 से आगे रहीं, लेकिन उनकी बढ़त कम हो चुकी थी। तीसरे राउंड में दोनों पहलवानों के बीच कांट की टक्कर हुई। इस बीच चीनी मुक्केबाज ने स्वीटी को किनारे में ले जाकर भी फंसाया। हालांकि, स्वीटी चतुराई के साथ चीनी मुक्केबाज की पहुंच से दूर रहते हुए किनारे से बाहर आई और फिर चीनी खिलाड़ी पर मुक्कों की बरसात कर दी। तीसरे राउंड के बाद फैसला रिव्यू के लिए गया। यहां पर भी स्वीटी के पक्ष में नतीजा आया और भारत को प्रतियोगिता में दूसरा स्वर्ण पदक मिल गया। अब नीतू और स्वीटी के बाद निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन से स्वर्ण पदक की उम्मीद है। ये दोनों मुक्केबाज भी फाइनल में पहुंच चुकी हैं।

---

2022 में हुए 13 क्रिकेट मैचों पर फिक्सिंग का सदेह

# इनमें एक भी भारत में नहीं खेला गया, फुटबॉल के सबसे ज्यादा 775 मैच

साल 2022 में पूरी दुनिया में खेले गए 13 क्रिकेट मैचों पर फिक्सिंग का संदेह जताया जा रहा। यह दावा हाल ही में जारी स्पोर्टरडार इंटीग्रिटी सर्विसेज द्वारा प्रकाशित एक समीक्षा रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2022 में 13 क्रिकेट मैच ऐसे थे, जो भ्रष्टाचार के दायरे में आए हैं। स्पोर्टरडार इंटीग्रिटी सर्विस यूनिट एक्सपर्ट्स की एक अंतरराष्ट्रीय टीम है जो खेल में सट्टेबाजी, मैच फिक्सिंग और भ्रष्टाचार के अन्य रूपों पर एनालिसिस करती है। मैचों के दौरान संदिग्ध गतिविधि का पता लगाने के लिए कंपनी यूनिवर्सल फ्रॉड डिटेक्शन सिस्टम (स्नष्ठस्) एप्लिकेशन का इस्तेमाल करती है। संस्था ने 32 पेज की एक रिपोर्ट जारी की है, जिसका शीर्षक %2022 में सट्टेबाजी, भ्रष्टाचार और मैच फिक्सिंग% है। रिपोर्ट के मुताबिक साल 2022 में 92 देशों में आयोजित 12 खेल के 1212 मैच ऐसे रहे, जिनमें सट्टेबाजी, भ्रष्टाचार या फिक्सिंग हुई। यह संस्था साल 2020 में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (क्चष्टष्ट) की भ्रष्टाचार रोधी




इकाई (ष्ट) के साथ भी काम कर चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार फुटबॉल का खेल करप्शन के मामले में सबसे आगे रहा है। रिपोर्ट में बताया गया कि साल 2022 के 1212 मैचों की लिस्ट में फुटबॉल (775 मैच) टॉप पर है, जिन पर संदेह है। 220 मैच के साथ बास्केटबॉल दूसरा और 75 मैच के साथ लॉन टेनिस तीसरे नंबर पर है। इस सूची में क्रिकेट छठे स्थान पर है। क्रिकेट के सिर्फ 13 मैचों पर फिक्सिंग का संदेह है। रिपोर्ट के अनुसार, जो भी क्रिकेट के मैच संदेह के घेरे में हैं, उनमें से कोई भी भारत में नहीं खेला गया। क्रिकेट के 13 मैचों पर संदेह होना 'स्पोर्टरडार इंटीग्रिटी सर्विसेज' के रिकॉर्ड में किसी एक साल में हुए सबसे ज्यादा मामले हैं। इससे पहले इतने मैच कभी भी दर्ज नहीं किए गए। साल 2022 के फिक्सिंग के संदिग्ध मैच एरिया के हिसाब देखें तो सबसे ज्यादा मैच यूरोप में 630, एशिया में 240, साउथ अमेरिका में 225, अफ्रीका में 93 और नॉर्थ अमेरिका में 24 मैच थे। साल 2021 की तुलना में नॉर्थ अमेरिका और ओशिनिया को छोड़कर हर एरिया में संदिग्ध मैचों की संख्या बढ़ी है। प्रतिशत के लिहाज से सबसे ज्यादा वृद्धि अफ्रीका (+82त्न) में और उसके बाद साउथ अमेरिका (+72त्न) में हुई। रिपोर्ट अनुसार करीब 135 मिलियन यूरो यानी करीब 1200 करोड़ रुपए का बेटिंग टर्नओवर (सट्टेबाजी की कमाई) आईपीएल से आता है। जो कि दुनियाभर की सभी लीगों में चौथे नंबर पर है।इससे ज्यादा बेटिंग टर्नओवर श्वस्न चैंपियंस लीग, इंग्लिश प्रीमियर लीग और नेशनल फुटबॉल लीग (हृस्नरु) से आता है।

तीनों ही फुटबॉल लीग हैं।




# शाकुंतलम का नया पोस्टर हुआ आउट, सामंथा की खूबसूरती देख दीवाने हुए फैंस

साउथ इंजस्ट्री की मोस्ट पॉपुलर एक्ट्रेस समांथा रूथ प्रभु को कौन नहीं जानता. सामंथा रुथ प्रभु प्रेजेंट में अपनी अगली फिल्म शाकुंतलम के प्रमोशन में बिजी हैं, जो 14 अप्रैल, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. जब से एक्ट्रेस ने फिल्म से अपना पहला लुक शेयर किया है, फैंस बड़े पर्दे पर उनको देखने के लिए बेहद एक्साईटेड हैं. इन सबके बीच समांथा रूथ प्रभु ने हाल ही में शाकुंतलम का एक और पोस्टर पोस्ट किया है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं. ऑन अप्रिलवी लिक्विनबिओ ट्रेलर आफ शाकुंतलमआपको बता दें कि, सामंथा रुथ प्रभु ने इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म के नए पोस्टर को शेयर किया और लिखा हम तैयार हैं. वास्तव में इस बार वास्तव में तैयार हैं! और सिनेमाघरों में आप सभी से मिलने और शाकुंतलम ऑन अप्रिलवी लिक्विनबिओ ट्रेलर आफ शाकुंतलम की दुनिया में आपका स्वागत करने के लिए बहुत उत्साहित हैं. बता दें कि, तस्वीर में सामंथा सफेद साडी पहने घास पर लेटी नजर आ रही हैं.दिलचस्प बात यह है कि शाकुंतलम का नया पोस्टर अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, और सामंथा रुथ प्रभु के फैंस उनके खूबसूरत लुक को देखकर खुद को रोक नहीं पा रहे हैं. एक यूजर ने एक्ट्रेस की फोटो पर कमेंट किया, सैम के सभी फैंस के लिए एक विजुअल ट्रीट इंतजार कर रहा है.एक अन्य फैन ने लिखा, आप इतनी खूबसूरत लग रही हो सैम फिल्म देखने का इंतजार कर रहे हैं. फिर भी एक अन्य फैन ने कहा, इंतजार नहीं कर सकता.फिल्म शाकुंतलम की बात करें तो इस फिल्म का निर्देशन गुनशेखर ने किया है. सामंथा रुथ प्रभु के अलावा, शाकुंतलम में देव मोहन, सचिन खेडेकर, मोहन बाबू, अदिति बालन, अनन्या नागह्ला, प्रकाश राज, मधु, गौतमी आदी जैसे कई कलाकार शामिल हैं. शाकुंतलम तेलुगु, हिंदी, मलयालम, तमिल और कन्नड़ में रिलीज होने जा रही है।




# भीड़ ने पहले दिन कमाए सिर्फ 15 लाख रुपये

अनुभव सिन्हा की प्रतिक्षित फिल्म भीड़ शुक्रवार को रिलीज हो गई है। फिल्म कोरोना महामारी के दौरान लगे लॉकडाउन पर आधारित है, जिसमें प्रवासी मजदूरों के घर जाने संघर्ष को दिखाया गया है। लॉकडाउन का दौर लोगों के जहन में अब भी ताजा है, इसलिए लगा था कि फिल्म को देखने में अधिकांश लोगों की रुचि होगी। हालांकि, बॉक्स ऑफिस के आंकड़े उलटी ही कहानी बता रहे हैं। पहले दिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं कर सकी। रिपोर्ट्स के अनुसार, पहले दिन भीड़ महज 15 लाख रुपये कमा सकी है। पहले दिन इस फिल्म को देखने के लिए सिनेमाघरों में 5.48 प्रतिशत दर्शक ही पहुंचे। अनुभव की पिछली फिल्म अनेक भी बॉक्स ऑफिस असफल रही थी। हालांकि, इस फिल्म ने भीड़ से बेहतर प्रदर्शन किया था। आयुष्मान खुराना की इस फिल्म ने पहले दिन करीब 1.77 करोड़ रुपये की कमाई की थी। अब विशेषज्ञों की नजर भीड़ के पहले सप्ताह के कारोबार पर रहेगी। सिन्हा की इस फिल्म में राजकुमार राव, भूमि पेडनेकर, पंकज कपूर, आशुतोष राणा जैसे दिग्गज कलाकार नजर आए हैं। फिल्म एक चेकपोस्ट पर इकट्ठा हुई भीड़ और प्रशासन की ध्वस्त हुई व्यवस्था को दिखाती है। यह प्रशासन के असंवेदनशील फैसलों पर सवाल खड़े करती है। इसमें राजकुमार का किरदार प्रशासन का चेहरा है और पकंज का किरदार असहाय प्रवासियों का प्रतिनिधित्व करता है। यह एक समाज के भीड़ बन जाने की कहानी है। रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की फिल्म तू झूठी मैं मक्कार अपने तीसरे हफ्ते में भी अन्य फिल्मों को कड़ा टक्कर दे रही है। इस फिल्म ने अब तक 119 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार कर लिया है। हालांकि, खबरों के अनुसार तीसरे हफ्ते में इस फिल्म की रफ्तार कुछ धीमी हो गई है। यह पठान के बाद 100 करोड़ के क्लब में शामिल होने वाली इस साल की दूसरी फिल्म है। पिछले हफ्ते सिनेमाघरों में दो फिल्में आई थीं, कपिल शर्मा की ज्विगाटो और रानी मुखर्जी की मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे। दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर लुढ़क गईं। दोनों ही फिल्मों को समीक्षकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली, लेकिन दोनों दर्शक जुटाने में कामयाब नहीं हो सकीं। शुक्रवार की रिपोर्ट्स के अनुसार मिसेज चटर्जी... ने बॉक्स ऑफिस पर 10.49 करोड़ रुपये कमाए हैं, वहीं ज्विगाटो ने अब तक केवल 1.84 करोड़ रुपये कमाए हैं।

# फिर बनेगी अक्षय-जॉन की जोड़ी, बनने जा है देसी बॉयज का सीक्वल

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम के फैन्स के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। लेटेस्ट रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि देसी बॉयज का सीक्वल बनने जा रहा है और सीच्ल यानी देसी बॉयज 2 में सेम कास्ट नजर आने वाले है। आपको बता दे, फिल्म देसी बॉयज में अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम के साथ दीपिका पादुकोण और चित्रागंदा सिह भी थीं।फिल्ममेकर आनंद पंडित ने कहा कि उनकी फर्म कई भाषाओं में कई फिल्मों पर काम कर रही है। उनके पास देसी बॉयज 2, द बिग बुल, सरकार 4 और ओमकारा का रीमेक है। हमने फिल्म




वीर सावरकर भी पूरी की है।फिल्म देसी बॉयज 2 में अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम की वापसी पर आनंद पंडित ने कहा, मैं सेम कास्ट या नई कास्ट या मिक्स एंड मैच कास्ट के बारे में सुनिश्चित नही हूं क्योंकि मैं इसे युवा फिल्म के तौर पर बनाना चाहता हूं।वर्क फंट की बात करें तो अक्षय कुमार के पास कई फिल्में हैं। वह बड़े मियां छोटे मियां,गोरखा, ओएमजी 2, कैप्सूल गिल जैसी कई फिल्मों में काम करते नजर आएंगे। वहीं जॉन अब्राहम पिछली बार फिल्म पठान में काम करते दिखाई दिए थे। उनकी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की है। अब जॉन अब्राहम फिल्म तेहरान में नजर आएंगे।

# मैत्री में श्रेनु पारिख के लिए एक बच्चे के साथ शूटिंग करना हुआ मुश्किल



टीवी एक्ट्रेस श्रेनु पारिख शो मैत्री में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। एक्ट्रेस ने एक बच्चे अजीमा शेख के साथ शूटिंग के अपने अनुभव को साझा किया और बताया कि शुरू में उनका नर्वस साइड कैसे गायब हो गया था। श्रेनु ने कहा, जो बच्चा नंदिनी (भाविका चौधरी) के बेटे का किरदार निभा रहा है, वह वास्तव में एक बच्ची है और जब मुझे पता चला कि हम एक नवजात के साथ शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं, तो मैं बहुत घबरा गई। हम सभी जानते हैं कि इसे संभालना कितना मुश्किल है। छोटे बच्चे और उनके साथ शूटिंग करना पूरी तरह से एक और काम है। कोई भी नवजात के मूड का अनुमान नहीं लगा सकता है, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से अजीमा बहुत शांत बच्ची है।श्रेनु पारिख इस प्यार को क्या नाम दूं? में अपनी किरदार के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने आगे साझा किया कि अब वह अजीमा के साथ काम करने में सहज है और उसके साथ काम करते हुए एक अच्छी मां बनने की ट्रेनिंग भी ले रही है।वह सिर्फ 3 महीने की बच्ची है, लेकिन क्योंकि मैं उसके साथ अतिरिक्त समय बिताती हूं, वह मुझे पहचानती है। जब भी मैं उसे शांत करती हूं तो वह आसानी से शांत हो जाती है। हर बार जब मैं उसे शोटू कहती हूं, तो वह तुरंत अपनी सबसे कीमती मुस्कान देकर मुझे जवाब देती है। वास्तव में, जब अजीमा मेरी गोद में होती है तो उसकी मां भी बहुत सुरक्षित महसूस करती है। और अब, अजीमा के मेरे जीवन में आने के बाद, मुझे वास्तव में लगता है कि किसी दिन, मैं एक अच्छी मां बन सकती हूं।यह शो प्रयागराज शहर में रहने वाली दो दोस्त मैत्री और नंदिनी के बीच सच्ची दोस्ती और बचपन के बंधन का प्रतिबिंब है, और कैसे परिस्थितियों के कारण उनका बंधन टूट जाता है।शो में श्रेनु पारिख, भाविका चौधरी और नमिश तनेजा मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।मैत्री जी टीवी पर प्रसारित होता है।

# कुंडली भाग्य में पहली बार मां का किरदार निभाएंगी इरा सोन



अभिनेत्री इरा सोन, जिन्होंने 2007 में लोकप्रिय शो कुमकुम - एक प्यारा सा बंधन से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की थी और आखिरी बार देश की बेटी नंदिनी में देखी गई थीं, सात साल बाद एकता कपूर की कुंडली भाग्य के साथ छोटे पर्दे पर आने के लिए तैयार हैं। उन्होंने शो का हिस्सा बनने और पहली बार मां की भूमिका निभाने के बारे में बात की।शो में अपने किरदार के बारे में उन्होंने कहा, मैं लीप के बाद शो में मां का किरदार निभा रही हूं, जो मेरे पूरे करियर में पहली बार है।सात साल बाद कुंडली भाग्य में वापसी करने के बारे में उन्होंने कहा, मैंने कुंडली भाग्य को चुना क्योंकि यह हिट शो है, इसकी कहानी शानदार है। मुझे लगा कि मां की भूमिका निभाने के लिए यह मेरे लिए बिल्कुल सही शो है। क्योंकि इसमें बहुत सारे शेड्स हैं और यह बाकियों से अलग है।उन्होंने एक मां की भूमिका निभाने पर अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हुए कहा- मैं शूटिंग के पहले दिन नर्वस थी कि मैं इसे कर पाऊंगी। लेकिन मैंने इसे एक चुनौती के रूप में लिया और यह मेरे लिए कुछ नया और अलग है, मैं काफी उत्साहित हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं एक मां के किरदार में फिट हो जाऊंगी।कम उम्र में मां की भूमिका निभाने के बारे में उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि आज किसी किरदार को निभाने की कोई उम्र सीमा है। मां का किरदार सिर्फ एक टिपिकल करेक्टर नहीं है, बल्कि उसका अपना शेड है और उसका अपना ग्राफ है, जिसे आप शो में देखेंगे।

# मृणाल ठाकुर के बॉडीकॉन ड्रेस ने खींचा फैंस का ध्यान, देखें स्टाइल भरा अंदाज



बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर इन दिनों अपने बोल्ड और स्टाइलिश लुक्स के चलते सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में बनी हुई हैं। टीवी करियर से बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस का जल्द ही एक अलग अंदाज देखने को मिलेगा मर्डर मिस्ट्री फिल्म गुमराह में। हाल ही में ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने बेहद ही स्टाइलिश आउटफिट पहना हुआ था जिसकी फोटोज उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर बॉलीवुड इंडस्ट्री की उन एक्ट्रेसेस में से एक हैं जिन्होंने बेहद ही कम समय में अपने नाम एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो हमेशा इंटरनेट का पारा गर्म कर देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने अपने लेटेस्ट ब्लैक एंड व्हाइट कलर के लॉन्ग बॉडीकॉन आउटफिट में फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस कैमरे के सामने अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई बेहद ही किलर लुक्स में पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं। ओपन हेयर और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस जल्दी ही अपनी अपकमिंग फिल्म गुमराह में एक पुलिस अफसर के रोल में मर्डर मिस्ट्री को सुलझाती नजर आएंगी। ये फिल्म 7 अप्रैल को रिलिज होने जा रही है। एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर इन फोटोज में अपना डीपनेक क्लीवेज फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। मृणाल ठाकुर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है।

# जितेंद्र कुमार की कोटा फैक्ट्री 3 का टीजर जारी

## 17 जुलाई को होगी रिलीज

अभिनेता जितेंद्र कुमार की वेब सीरीज कोटा फैक्ट्री और कोटा फैक्ट्री 2 को दर्शकों द्वारा खूब प्यार मिला था। ऐसे में जब से कोटा फैक्ट्री 3 का ऐलान हुआ है, तब से प्रशंसक इसकी रिलीज का ब्रेसबी से इंतजार कर रहे हैं। इसमें मयूर मोरे, रंजन राज, आलम खान, अहसास चन्ना सहित अन्य कलाकार भी अभिनय करते नजर आएंगे। अब नेटफ्लिक्स ने कोटा फैक्ट्री 3 का टीजर जारी किया है, जिसे देख लोगों की उत्सुकता काफी बढ़ गई है। टीजर जारी कर नेटफ्लिक्स ने कैप्शन में लिखा, रिजल्ट्स आ गए हैं। अपने कैलेंडर को मार्क कर लें, क्योंकि कोटा फैक्ट्री का तीसरा सीजन जल्द आने वाला है। नेटफ्लिक्स पर कोटा फैक्ट्री का तीसरा सीजन लौट रहा है। हालांकि,




निर्माताओं ने अभी इसकी रिलीज तारीख का ऐलान नहीं किया है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह सीरीज 17 जुलाई को रिलीज होगी। खास बात ये है कि रंगीन जमाने में ये शो ब्लैक एंड व्हाइट में है। कोटा फैक्ट्री पहली बार साल 2019 में टीवीएफ ऐप और टीवीएफ यूट्यूब चैनल पर लॉन्च किया गया था। 2021 में मेकर्स ने कोटा फैक्ट्री सीजन 2 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया था। और अब, सीजन 3 भी नेटफ्लिक्स पर ही स्ट्रीम होगा।कोटा फैक्ट्री राजस्थान के कोटा में स्थित है, जो अपने कोचिंग सेंटरों के लिए प्रसिद्ध एक शिक्षा केंद्र है। यह शो उन छात्रों के इर्द गिर्द बुना गया है जो आईआईटी प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं।

## एक नजर...

### नवागत एसपी राजेश सिंह चंदेल ने किया पदभार ग्रहण



**ग्वालियर।** सोमवार को एसपी ग्वालियर अमित सांघी द्वारा नवागत पुलिस अधीक्षक ग्वालियर राजेश सिंह चंदेल को सिटी सेंटर स्थित कार्यालय में एसपी ग्वालियर का चार्ज दिया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत राजेश सिंह चंदेल ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। राजेश सिंह चंदेल वर्ष 2010 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी हैं।

### कूनो में नामीबिया से आए सासा चीते की मौत!



ग्वालियर। मध्यप्रदेश के सोमवार के दिन निराशा भरी खबर आई। पीएम मोदी ने नामीबिया से आए जिन चीतों को श्योपुर के कूनो में छोड़ा था, उनमें से एक की मौत हो गई। उसकी किडनी में कुछ संक्रमण की खबरें पहले भी आई थीं। विभागीय अधिकारियों ने अभी इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक साशा की मौत हो चुकी है। बता दें कि कूनो नेशनल पार्क में छोड़े गए 8 चीतों में से साशा के बीमार होने की खबर जनवरी में सामने आई थी। चूंकि मध्यप्रदेश में चीता प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री मोदी का प्रोजेक्ट था, इसलिए उसके बीमार होने की खबर मिलते ही अधिकारियों की चिंता बढ़ गई थी। हालांकि, कुछ दिनों बाद ही साशा की सेहत में सुधार हो गया था। बीमारी के दौरान साशा को बड़े बाड़े से निकालकर छोटे बाड़े में शिफ्ट किया गया, जहां डॉक्टरों की सतत मॉनिटरिंग के बीच उसका इलाज किया गया। जांच में मादा चीता को किडनी में संक्रमण की बात सामने आई थी। भोपाल से आई डॉक्टरों टीम उसका इलाज और देखरेख कर रही थी।

### डेंगू मलेरिया की रोकथाम के लिए कार्यशाला आयोजित



ग्वालियर। मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर निगम, मलेरिया एवं स्वास्थ्य विभाग एवं एंबेड परियोजना के संयुक्त तत्वाधान में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन सिटी सेंटर स्थित बाल भवन में किया गया। इस अवसर पर मलेरिया विभाग एवं नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के जोनल स्वास्थ्य अधिकारी, फागिंग सुपरवाइजर उपस्थित रहे तथा एंबेड परियोजना के वॉलंटियर भी उपस्थित रहे। मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त किशोर कन्याल के निर्देशानुसार मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डेंगू मलेरिया की रोकथाम से बचाव हेतु बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा आमजन को जगरूक करने के लिए अभियान चलाने तथा उनको कूलर, बर्तन व अन्य जगहों पर जलभराव न होने दें, घर के बाहर रखें पानी की टंकियों को नियमित रूप से साफ करें, मच्छरदानी को उपयोग करने के बारे में बताया गया। इसके साथ ही कहा कि सभी वार्डों में फोगिंग का कार्य तेजी से कराया जाए।

### गंदगी फैलाने पर विंडसर हिल पर 40 हजार तो भैंस की गंदगी फैलाने पर लगाया 8 हजार का जुर्माना



ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्वच्छता के प्रति आमजनों को जागरुक करने के साथ ही अब सख्ती भी दिखाना प्रारंभ कर दी है, जिन्हें कई बार समझाने पर भी वह निरंतर गंदगी फैला रहे हैं। ऐसे लोगों पर भारी जुर्माना जगाने की तैयारी अब निगम ने कर ली है। आज सोमवार को जहां विंडसर हिल कॉलोनी पर गंदगी फैलाने को लेकर 40 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। वहीं एक भैंस मालिक द्वारा मार्ग पर अपनी भैंस बांधकर सडक को गंदा करने पर 8 हजार का जुर्माना लगाया गया है। मुख्य स्वच्छता अधिकारी डॉ वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि नगर निगम ग्वालियर द्वारा निगमायुक्त किशोर कन्याल के निर्देशन एवं अपर आयुक्त विजयराज व उपायुक्त अमरसत्य गुप्ता के नेतृत्व में स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 को लेकर शहर में बेहतर साफ सफाई व्यवस्था के लिए कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए उन्हें कचरा सडक पर न फैलाने की हिदायत भी दी जा रही है। इसके साथ ही बडे कचरा उत्पादक होटल्स, सोसायटी, कॉलोनी इत्यादि को गीला कचरा निष्पादन के लिए स्वयं व्यवस्था करने के निर्देश दिए जा रहे हैं इसके बाद भी कई लोग बार बार समझाने पर भी नहीं मान रहे हैं और स्वच्छता में ग्वालियर की छवि खराब कर रहे हैं। अब नगर निगम ग्वालियर ने सख्ती करते हुए गंदगी फैलाने वालों पर भारी जुर्माना लगाने की कार्रवाही प्रारंभ कर दी है। सोमवार को स्वास्थ्य अधिकारी मुरार किशोर चैहान द्वारा अपनी टीम के साथ विंडसर हिल कॉलोनी की समिति पर गंदगी फैलाने पर 40 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया तथा चेतावनी दी कि यदि कॉलोनी में गीले कचरे के निष्पादन के लिए कम्पोस्टिंग प्लांट नहीं लगाया और गंदगी फैलाई तो पुनः जुर्माना किया जाएगा।

# कलेक्टर का कैट टीम से वादा : आदर्श ट्रांसपोर्ट नगर बनाएँगे

## कैट टीम द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर के चिंतनीय हालात से अवगत कराने के बाद कलेक्टर ने जल्द ही कार्य शुरू करने की बात कही

**ग्वालियर।** कॉन्फ़रडेसन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ग्वालियर की नवीन टीम ने आज मंगलवार को अध्यक्ष दीपक पमनानी एवं प्रदेश महामंत्री रवि गुप्ता के नेतृत्व में प्रमुख पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह से सौजन्य भेंटकर ट्रांसपोर्ट नगर वार्ड 64 की मूलभूत सुविधाओ को लेकर चर्चा की और उन्हें यहाँ की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर का करीब पैंतीस वर्ष पुराना इंफ्रास्ट्रक्चर उचित व नियमित देखरेख के अभाव में तेजी से ध्वस्त हो रहा है, इस ओर तत्काल ध्यान देकर आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है ताकि ट्रांसपोर्ट कारोबारी, कर्मचारी यहाँ निर्विधन ढंग से अपना व्यवसाय कर सकें तथा स्थानीय निवासियों को भी असुविधा न हो।

कैट ग्वालियर टीम के पदाधिकारियों ने कलेक्टर श्री सिंह को बताया कि ग्वालियर विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित व्यावसायिक योजना के अंतर्गत नगर निगम वार्ड क्रमांक 64 में तीन दशक पहले ट्रांसपोर्ट नगर बसाया गया था जहाँ ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से सम्बंधित ट्रांसपोर्टस एवं नयाबजार, लोहियाबाज़ार, दालबाज़ार, दौलतगंज एवं अन्य बाज़ारों से सम्बंधित छोटे-बड़े व्यवसायिओं के गोदाम स्थित है. लगातार उपेक्षा के चलते ट्रांसपोर्ट नगर के हालात बिगड़ते जा रहे हैं। गंदगी के अम्बार है, यहाँ कोई भी सफ़ाई कर्मी नही आता है, नाले नाली व सीवर चोक है, रोड पर



गड्ढे है ओर अधिकतम जगह रोड ही नही है, पेयजल की कोई व्यवस्था नही है, पार्किंग पर अतिक्रमण है। इन सभी बुनियादी सुविधाओं के वंचित होने के बाद भी व्यापारियों से नगर निगम वर्ष 2014-15 से ही संपतिकर वसूल रहा है। भवन निर्माण के नाम पर शुल्क लिया जा रहा है वहीं दूसरी ओर ग्वालियर विकास प्राधिकरण द्वारा संधारण शुल्क (मेंटिनेंस शुल्क), लीज़ रेंट, स्थानांतरण शुल्क, भवन निर्माण शुल्क, ऋष्ण अन्नपत्ति शुल्क आदि कर के नाम पर हितग्राहियों से पैसे वसूल किए जाते है ओर जुर्माना लगाया जा रहा है। दोहरी मार पड़ने के बाबजूद भी बुनियादी मूलभूत सुविधाओं से ट्रांसपोर्ट नगर वंचित है। लिहाजा शीघ्र ही समस्या का समाधान कराया जावे। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ग्वालियर की नवीन टीम द्वारा रखी गई समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनने के बाद कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह ने इंजीनियरों को निर्देशित किया कि आदर्श ट्रांसपोर्ट नगर बनाने की प्लानिंग करें। ट्रांसपोर्ट नगर को और अधिक कैसे बेहतर बनाया जा सकता है, इसको लेकर कैट टीम के साथ बैठक कर विधिवत कार्ययोजना बनाने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर कैट ग्वालियर के अध्यक्ष दीपक पमनानी, प्रदेश महामंत्री रवि गुप्ता, सचिव मनोज चौरसिया, कोषाध्यक्ष राहुल अग्रवाल, विवेक जैन, गोपाल जायसवाल, मुकेश अग्रवाल, मयूर गर्ग, आकाश जैन, साधना सांडिल्य, निधि अग्रवाल, विकास हरलालका, अमित अरोरा, अंशुल गुप्ता, प्रतीक अग्रवाल उपस्थित थे।

## जब ग्वालियर स्वच्छ होगा तो शहरवासी स्वस्थ्य होगें: निगमायुक्त

**ग्वालियर।** मराठा समाज द्वारा मराठा बोर्डिंग परिसर में तीन सौ से भी अधिक छात्र छात्राओं को स्कॉलरशिप प्रदान की। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल ने मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित होकर मेधावी विद्यार्थियों को चेक का वितरण किया तथा सभी छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावको को संबोधित करते हुए कहा कि जब हमारा ग्वालियर स्वच्छ होगा तो सुंदर दिखेगा और शहरवासी स्वस्थ्य होगें। सभी बच्चे अपने अभिभावकों के साथ ही पडौसियों व परिचितों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करें तथा अपनी कॉलोनी, मोहल्ले व सडक को साफ रखने का संकल्प लें।

मराठा बोर्डिंग परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान निगमायुक्त कन्याल ने छात्र-छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि मराठा समाज द्वारा स्कूल, कॉलेज, इंजीनियर और एम बी बी एस के मधावी छात्र छात्राओं को आगे पढने में मदद के उददेश्य से स्कॉलरशिप दी गई। कार्यक्रम को गरिमामय बनाने के लिए



मराठा समाज के अध्यक्ष बाल राजे शिन्दे, उपाध्यक्ष दिलीप जगताप, सचिव धर्मेंद्र गायकवाड, सयाजी राव कदम, सुरेश शिन्दे, गायत्री सुर्वे, संजय सूर्यवंशी, सचिन खानविलकर, पवन पवार, रणजीत सुर्वे, यशवंत राव, बुधवत दीपक मोहिते, रविन्द्र पाटणकर, आकाश मोहिते, राहुल धुमाल, संजय शिन्दे, मयूर घाटगे, मनोज शिन्दे, संजू पिसाल, राजेन्द्र पाटिल, टी.आर.भौसले, बबलू घाटगे, प्रशांत इंग्ले, इंदर गायकवा सहित बड़ी संख्या मे मराठा समाज के लोग मौजूद थे।

## भाविप की महाराणा प्रताप शाखा के डॉ. अशोक चौहान अध्यक्ष तथा गिरीश कुमार सचिव निर्वाचित

ग्वालियर। सेवा के क्षेत्र में अग्रणी अखिल भारतीय सेवा संगठन भारत विकास परिषद की महाराणा प्रताप शाखा की आगामी सत्र 2023-24 की नवीन कार्यकारिणी का रविवार की शाम निर्वाचन संपन्न हुआ ।शाखा के वरिष्ठ सदस्य शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं एनसीसी अधिकारी डॉ. अशोक सिंह चौहान अध्यक्ष तथा शाखा के वर्तमान सह सचिव गिरीश कुमार पाल सचिव पद के लिए निर्वाचित हुए। निर्वाचन अधिकारी के रूप में परिषद के प्रांतीय अधिकारी अलोपी बंसल ने निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण कराई। भारत विकास परिषद की महाराणा प्रताप शाखा का गठन 3 सितंबर 2022 को राष्ट्रीय महामंत्री श्याम शर्मा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। सितंबर से लेकर मार्च तक परिषद की इस शाखा ने अनेक सेवाभावी गतिविधियां पूर्ण की तथा पर्यावरण के संरक्षण में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। रविवार को आगामी सत्र 2023, 2024 के लिए पदाधिकारियों का निर्वाचन श्रीराम कॉलोनी में संपन्न हुआ। जहां निर्वाचन अधिकारी श्री अलोपी बंसल ने निर्वाचन की प्रक्रिया को विधिवत पूर्ण किया। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा वंदेमातरम् गीत के सामूहिक गायन से किया गया। तत्पश्चात शाखा के वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन सह सचिव गिरीश कुमार पाल एवं वित्तीय प्रतिवेदन का वाचन कोषाध्यक्ष अशोक पलसकर ने किया। वहीं अध्यक्ष शिव नारायण गुप्ता ने सदन को विगत वर्ष की विशेष गतिविधियों से परिचित कराया।

# उद्भव साहित्यिक मंच की मासिक काव्यगोष्ठी हुई सम्पन्न

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर-पड़ाव 7 पड़ाव स्थित सभागार में डॉ. बृजेश शर्मा की अध्यक्षता में उद्भव साहित्यिक मंच की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस अवसर पर उद्भव साहित्यिक मंच के अध्यक्ष डॉ. केशव पांडेय एवं सचिव दीपक तोमर भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना जगदीश गुप्त महामना ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. बृजेश शर्मा का सम्मान शॉल,श्रीफल एवं पुष्पहार भेंट कर संस्था के अध्यक्ष डॉ. केशव पांडेय द्वारा किया गया। गोष्ठी का प्रारंभ करते हुए रामचरण रुचिर ने मातृशक्ति को समर्पित एक रचना प्रस्तुत करते हुए कहा, पूत सपूत हो नहीं सुनिश्चित पर एक बात अटल है। जीवन में उजियारा लाती बेटी है तो कल है । इसके पश्चात् डॉ. लोकेश तिवारी ने शिव आराधना पर सुंदर गीत प्रस्तुत करते हुए कहा, सेवक के जल और तृणों से जो प्रसन्न होता है। ऐसा वह जन मन का स्वामी ही महेश होता है। कार्यक्रम के अगले क्रम में जगदीश गुप्त महामना ने व्यंग रचना का पाठ करते हुए कहा, सब चलता है सब चलता है, राजनीति के दावानल में सब जलता है सब जलता है। अगले क्रम में डॉ. किंकर पाल सिंह जादौन ने विरह वेदना से पीड़ित प्रियतमा के अंतरभावों को प्रकट करते हुए गीत प्रस्तुत किया। प्रियतम बारंबार नमन है फागुन में। याद तुम्हारी बड़ी सताए फागुन में। भारतीय हिंदू नव वर्ष पर सुंदर गीत पढ़ते हुए आनंदपाल सिंह ने कहा, झड़



गए सब पात पीले कोंपलें। आगमन नववर्ष का बदला रहीं । पक गईं होकर सुनहरी बालियां । कुटिल फगुनाएं अधर सहला रही। कार्यक्रम को ऊंचाइयां देते हुए वरिष्ठ गीतकार ललित मोहन त्रिवेदी ने कहा धार कटकर पत्थरों के पार क्या जाने लगी वह नदी गुमनाम से अब और इतराने लगी। इसके पश्चात् वरिष्ठ गीतकार राजेश शर्मा ने सुंदर गीत व दोहे प्रस्तुत करते हुए खूब वाहवाही लूटी। उन्होंने कहा ,

घट घट में ऋतुराज ने, नवरस दिए उंडेल।
पल पल कोपल से हुए, दिन फूलों की बेल।।

काव्यगोष्ठी का सफल संचालन कर रहे सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाहा ने अपनी प्रस्तुति देते हुए कहा,

उढ़ी ढकी बातन सी बिटिया बढ़िया लगती है।
मंदिर सी बेदाग झुपड़िया बढ़िया लगती है।।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ बृजेश शर्मा ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए साहित्य के क्रम को निरंतर जारी करने के लिए ÷उद्भव साहित्यिक÷ संस्था को बहुत ही सराहनीय बताया। इस अवसर पर एक गजल प्रस्तुत करते हुए वाहवाही लूटी। उन्होंने कहा,

तमाम तोहमतें दुनियां कि वो उठाएगा ,
अजब दीवाना है अपनी ही बात मानेगा !
तेरी वड़ा ये तेरा ऐतबार, तेरा खुलूस ,
गुनाह से तो यक़ीनन मुझे बचा लेगा !

कार्यकम में श्रोता के रूप में राजेंद्र मुद्गल, सुभाषेंदु श्रीवास्तव अरविंद जैमिनी, विजय पांडेय, मनीष शर्मा सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। अंत में उद्भव साहित्यिक मंच के सचिव दीपक तोमर ने सभी का आभार प्रदर्शन किया।

सी. एस. भदौरिया
लेबर सप्लायर & कॉन्ट्रेक्टर

अपील
स्वच्छता का रखें विशेष ध्यान, क्लीन ग्वालियर, ग्रीन ग्वालियर
स्वच्छ भारत अभियान में सहभागी बनें
छोटे सिंह भदौरिया
रजनीगंधा इंक्लेव, गोले का मंदिर ग्वालियर म.प्र.
संपर्क: 9755383340

ब्रम्हाणी हॉस्पीटल
मानव सेवा परमो धर्म


विशेष सुविधाएं
डॉ. ब्रजेश सिंह राजपूत, (बन्टी)
संचालक
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत
निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध
माँ वैष्णोपुरम, गदाईपुरा ग्वालियर, मध्य प्रदेश, 8889437489

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478